


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-213 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# विपक्षी दिग्गजों के फोन में सेंधमारी

**राहुल गांधी, महुआ, राघव, ओवैसी,खेड़ा, थरुर,अखिलेश,येचुरी,सिंहदेव को एप्पल ने भेजी वॉर्निंग**



**नई दिल्ली,31 अक्टूबर।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा, कांग्रेस नेता शशि थरूर और शिवसेना (UBT) की प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा विपक्ष के कई बड़े नेताओं ने दावा किया है कि उनके फोन पर अजीब तरह का अलर्ट आया है। आईफोन पर आए इस अलर्ट में कहा गया है कि स्टेट स्पॉन्सर अटैकर उनके फोन को टारगेट कर रहे हैं और जानकारियां लेने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह का मेसेज असदुद्दीन ओवैसी और आप नेता राघव चड्ढा ने भी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए संदेश के मुताबिक वॉर्निंग में यह भी कहा गया है कि दूर से उनके फोन के संवेदनशील डेटा, कैमरा और माइक्रोफोन को कंट्रोल किया जा सकता है।

इस तरह का अलर्ट जिन नेताओं को मिला है उसमें विपक्ष के बड़े नेता शुमार हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, शशि थरूर, सपा चीफ अखिलेश यादव, सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी,टीएस सिंहदेव के अलावा राहुल गांधी के कार्यालय को भी इस तरह का मेसेज मिला है। महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर स्क्रीनशॉट अटैच करते हुए कहा, ऐपल की तरफ से ईमेल मिला है जिसमें कहा गया है कि सरकार हमारे फोन को हैक करने की कोशिश कर रही है।

अब अडानी और पीएमओ मिलकर धमकी दे रहे हैं। तुम्हारा डर साफ नजर आ रहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इसी तरह के अलर्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया और कहा कि क्या गृह मंत्रालय इस मामले की जांच करेगा? असदुद्दीन ओवैसी ने भी कहा कि उन्हें ऐपल की तरफ से वॉर्निंग मेसेज मिला है। उन्होंने कहा कि खूब परदा है कि चिलमन से ल गे बैठे हैं। साफ छुपते भी नहीं सामने आते भी नहीं। वहीं शशि थरूर ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने करदाताओं के पैसे खर्च करके लोगों को इसी तरह के काम में लगा रखा है।

भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक संदिग्ध मेसेज को लेकर ये लोग शहीद बनने की कोशिश कर रहे हैं। यह हल्लाबोल पहले की तरह ही फ्लॉप हो जाएगा। आप ऐपल के स्पष्टीकरण का इंतजार क्यों नहीं करते? इसे भी केवल अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस मामले में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष के नेता जो फोन हैकिंग की बात कर रहे हैं इस मामले में उन्हें एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए। राहुल गांधी ने पहले भी कहा था कि पेगासस से उनका फोन हैक किया गया। लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने उनसे फोन देने को कहा तो उन्होंने इनकार कर दिया। शशि थरूर आईटी की स्टैंडिंग कमेटी में हैं वह कंपनी से सफाई क्यों नहीं मांगते?

## हम डरने वाले नहीं: राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कई विपक्षी नेताओं ने उनके एप्पल उपकरणों की 'हैकिंग' का आरोप लगाया है। इसको लेकर उन्होंने मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले मैं सोचता था कि नंबर 1 पीएम मोदी हैं, नंबर 2



अडानी हैं और नंबर 3 अमित शाह हैं, लेकिन यह गलत है। उन्होंने कहा कि नंबर 1 अडानी हैं, नंबर 2 पीएम मोदी हैं और नंबर 3 अमित शाह हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत की राजनीति को समझ चुके हैं और अब अडानी जी बच नहीं सकते। ध्यान भटकाने की राजनीति चल रही है। उन्होंने साफतौर पर कहा कि देश की सत्ता पीएम के नहीं, किसी और के हाथ में है। हम डरने वाले नहीं है।

# दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आंकड़े एकत्र करे केंद्र सरकार : सुको

**नईदिल्ली, 31 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह समाज के अन्य वर्गों के लिए शुरू की गई योजनाओं की तुलना में विकलांग व्यक्तियों के लिए शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आंकड़े एकत्र करे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें उस कानून (दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016) को लागू करने की मांग की गई थी। जो दिव्यांग लोगों को समान सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत अन्य लोगों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक सहायता प्रदान करता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से छह सप्ताह के भीतर आंकड़े एकत्र करने और एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। पीठ में जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को दिल्ली स्थित संगठन भूमिका ट्रस्ट द्वारा दायर याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अदालत ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी से मामले में सुप्रीम कोर्ट की सहायता करने का अनुरोध किया था।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

**रायगढ़,31 अक्टूबर।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां घरघोड़ा इलाके में पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि दो बच्चे घायल हो गए जिनका इलाज जारी है। सुचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुखदार सिदार बहन लक्ष्मी सिदार और उनके दो बच्चों को लेकर बैहामुड़ा से कठरापाली जा रहा था। तभी कोगनारा के पास लैलूंगा की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमे सुखदार की मौके पर मौत हो गई। महिला ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई।

## संक्षेप



### सरदार वल्लभ भाई पटेल व इंदिरा गांधी को बघेल ने याद किया

**रायपुर,31 अक्टूबर।** सीएम बघेल ने ट्वीट कर लिखा, देश की संगठित संरचना के निर्माण के लिए संकल्पित, अपने प्रयासों से भारत को एकसूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सादर नमन. राष्ट्र सेवा को समर्पित उनका जीवन चिरकाल तक देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा. देश सदैव उनका ऋणी रहेगा. वहीं, इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर लिखा, देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाली, अद्भुत साहस की मिशाल, लौह-महिला, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और कोटि कोटि नमन करते हैं.

### विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक पहुँचे

**रायपुर,31 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के सातों विधानसभाओं के लिये आब्जर्वरों की नियुक्ति कर दी गई है। जिले में विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी आम नागरिकगण अपने विधानसभा से संबंधित प्रेक्षकों के मोबाइल नंबर पर या उनसे निर्धारित स्थान पर प्रत्यक्ष संपर्क कर प्रदान कर सकते है। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर उत्तर हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती विमला आर प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस मीटिंग हॉल में आमजन के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसी प्रकार विधानसभा क्र. 49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री आई. डब्ल्यू इंगटी में सिविल लाइन रायपुर के नये सर्किट हॉउस के कमरा नंबर 303 प्रथम तल में आमजन के लिए सुबह साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे तक उपलब्ध रहेंगे। प्रेक्षक श्री आई. डब्ल्यू इंगटी से मोबाईल नंबर 75870-16578 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### गरीब किसान के घर फटा गैस सिलेंडर

**डोंगरगढ़,31 अक्टूबर।** डोंगरगढ़ से महज 1 किलोमीटर के दूरी पर बसे ग्राम चौथना में आज एक गरीब किसान के घर पर सिलेंडर फटने से पूरा घर जलकर राख हो गया सिलेंडर फटने की जानकारी दमकल (फायर ब्रिगेड)को दिया जो घर जलने



के बाद पहुँच डोंगरगढ़ नगरीय निकाय क्षेत्र से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर स्तिथ गांव चौथना है जहां पर सुवह सुबह घर मालिक के बुजुर्ग महिला अनुसुइया बाई चाय बनाने के लिए गैस चालू कर रही थी अचानक गैस सिलेंडर पर आग लगा और फिर बुजुर्ग महिला घर से जेसे ही बाहर निकली वैसे ही सिलेंडर ब्लास्ट हो गया सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने से पूरा घर जलकर राख हो गया।पड़ोसियों ने बताया कि गैस सिलेंडर से लीक हो रहा था और घर एक बुजुर्ग महिला के अलावा घर के सभी गांव से बाहर थे। घर में फटा सिलेंडर,घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया घटना के समय घर में बुजुर्ग महिला के अलावा कोई नही था।

# मुसलमानों को देश से निकालूंगा:डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन,31 अक्टूबर।** यूरोप में हमास समर्थक लाखों लोगों को सड़कों पर प्रदर्शन करता देख अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा बयान दिया है जिसने हंगामा खड़ा कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप का ये बयान मुस्लिम शर्णार्थियों को लेकर है। जिन्होंने पूरे यूरोप को अपनी चपेट में ले लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आज यूरोप और अमेरिका की सड़कों पर जो हो रहा है वो काफी चिंताजनक है। हम यूरोप जैसा नहीं बनना चाहते जहां आज हर कोने पर जिहाद ही दिखता है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं दोबारा राष्ट्रपति बनते ही देश से इस्लामिक कट्टर आतंकियों को निकाल दूंगा।




हैरानी की बात देखिए कि डोनाल्ड ट्रंप ने ये बयान यहूदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिया है। इस बयान के बाद इजरायल में डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यक्रम में बैठे लोगों से पूछा कि आपको मेरा वो ट्रैवल बैन याद है जिसमें मैंने मुस्लिमों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रंप ने कहा कि जिस दिन मैं दोबारा राष्ट्रपति बनूंगा उस ट्रैवल बैन को दोबारा लागू कर दूंगा। आपको याद दिला दें कि 2017 में राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने इरान, इराक, लीबिया समते कई मुस्लिम देशों के लोगों की एंट्री अमेरिका में बैन कर दी थी। जो बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद इस फैसले को पलट दिया गया। अब ट्रंप ने दोबारा इसको मुद्दा बना लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आज यूरोप की सड़कों का हाल देखिए। किस तरह से कट्टरता बढ़ती जा रही है। आपको बता दें कि चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में बसे यहूदियों और हिन्दुओं को खुश करने में जुट गए हैं। अमेरिका में यहूदी लॉबी बेहद मजबूत हैं और चुनाव में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## मुकेश अंबानी को तीसरी बार जान से मारने की धमकी

**मुंबई,31 अक्टूबर।** उद्योगपति मुकेश अंबानी को एक हफ्ते में तीसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले शख्स ने अंबानी से 400 करोड़ रुपये की मांग की है।

कल सोमवार 30 अक्टूबर 2023 को मुकेश अंबानी को फिर धमकी भरा मेल आया और 400 करोड़ रकम की मांग की गई। इससे पहले भी अंबानी को लगातार दो बार इसी तरह की धमकियां मिल चुकी थीं, लेकिन तब कम रकम की मांग की गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोमवार 30 अक्टूबर को मुकेश अंबानी को एक और मेल मिला। इसमें 400 करोड़ रुपये मांगे गये थे।

# तकनीकी खराबी के चलते अंतागढ़-रायपुर पैसेंजर रास्ते में रुकी

**यात्री परेशान, जरूरी काम वाले पैदल ही निकल लिए**

**बालोद,31 अक्टूबर।** अंतागढ़ से रायपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में तकनीकी खराबी के चलते भैंसबोड़ के पास रुक गई. सुबह 6.30 से बालोद जिला के भैंसबोड़ स्टेशन के पास गाड़ी रुकने से ट्रेन में सवार यात्री परेशान होते रहे. रोजमर्रा या ड्यूटी आने जाने वाले यात्रियों को इससे सबसे ज्यादा परेशानी हुई है. फिलहाल ट्रेन में आई तकनीकी खराबी को सुधारने में विभाग के टैक्नीशियन जुटे हुए हैं. वहीं कई यात्री प्राइवेट गाड़ियां बुलाकर अपनी मंजिल की ओर हुए रवाना हो गए हैं. तो कई अब भी मझधार में फंसे हुए हैं. इनमें से कई यात्रियों को अपने काम से दुर्ग, भिलाई, रायपुर जाना था, वे सब परेशान हैं. इसमें से कई यात्री अर्जेन्ट काम होने के चलते अपना सामान लेकर बस स्टैंड तक पैदल निकल गए. कुसुमकसा



से भिलाई जा रही नेहा साहू हाईटेक हॉस्पिटल नेहरु नगर में जॉब करती हैं, उन्होंने बताया कि मैं कुसुमकसा से ट्रेन में बैठी हूं. 12 बजे मेरी शिफ्ट है. ट्रेन का सफर सस्ता है इसलिए ट्रेन से आना जाना करते हैं. लेकिन ट्रेन 6.30 से खराब हो गई है. जिससे काफी परेशानी हो रही है. यात्री नीलिमा स्याम ने बताया कि वह लॉ की छात्रा हैं.

## हमास की दरिंदगी को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली,31 अक्टूबर**। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इजराइल और हमास के बीच शत्रुता को समाप्त करने के लिए तत्काल और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान करने वाले एक प्रस्ताव को अपनाने के कुछ दिनों बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रस्ताव को गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण बताया और कहा कि भारत और अन्य सहित कोई भी सभ्य देश इस भयावहता को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत ने 27 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया, जिसमें इज़राइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया था। प्रस्ताव, जिसमें 'हमास' और 'बंधक' शब्द नहीं हैं, के पक्ष में 120 और विपक्ष में 14 वोट पड़े। इस मतदान से पहले कनाडा द्वारा हमास का नामकरण करते हुए प्रस्तावित पाठ में एक संशोधन को अस्वीकार कर दिया गया था क्योंकि यह उपस्थित और मतदान करने वाले दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त करने में विफल रहा था। भारत ने 86 अन्य देशों के साथ इस संशोधन के पक्ष में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र के हालिया प्रस्ताव पर भारत के रुख को कैसे देखते हैं वाले सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि संकल्प में गहरी खामियां थीं। और यहां तक कि मुझे यह देखकर दुख भी हुआ कि हमारे कई मित्रों ने इस बात पर जोर नहीं दिया कि यहां जो भी भयावहताएं घटीं, उनकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। यह भयावहता है।

# चिंतामणि फिर से हुए भाजपा के महाराज

**रायपुर 31 अक्टूबर ।** कांग्रेस के लिए सरगुजा से एक बड़ी खबर है। सामरी से विधायक चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस छोड़ दी है। वो भाजपा में शामिल हो गये हैं। । इधर मीडिया से बात करते हुए चिंतामणी महाराज ने बताया कि वो भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं, बल्कि ये उनकी घर वापसी है। अंबिकापुर के राजमोहिनी भवन में भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की मौजूदगी में चिंतामणि महाराज कांग्रेस प्रवेश किया। इससे पहले चिंतामणि महाराज में सैंकड़ो समर्थकों के साथ राजमोहिनी भवन पहुंचे थे।




आपको बता दें कि इससे पहले भाजपा के सामने प्रवेश के लिए ने चिंतामणी महाराज अंबिकापुर से टिकट की शर्ते रख दी थी। लेकिन वहां से पार्टी ने राजेश अग्रवाल को प्रत्याशी बना दिया। हालांकि भाजपा ने उन्हें ये प्रस्ताव दिया है कि लोकसभा चुनाव में उन्हें सरगुजा से प्रत्याशी बनाने का विकल्प अभी भी खुला है। दरअसल सामरी के मौजूदा कांग्रेस विधायक चिंतामणी महाराज का पार्टी ने टिकट काट दिया है। उनके बदले कांग्रेस ने नये चेहरे को चुनाव मैदान में उतारा है। खबरें थी कि टिकट नहीं मिलने से चिंतामणी महाराज पार्टी से नाराज चल रहे हैं। इसी बीच भाजपा के तेजतर्रार नेता बृजमोहन अग्रवाल, विष्णुदेव साय व संजय श्रीवास्तव सामरी पहुंचे थे और वहां चिंतामणी के सामने भाजपा प्रवेश का प्रस्ताव रखा। वादा ये किया गया कि अगर वो भाजपा में आते हैं कि लोकसभा से वो उन्हें सरगुजा से प्रत्याशी बनायेंगे। लेकिन, चिंतामणि महाराज ने एक शर्त रख दी। चिंतामणि महाराज ने भाजपा से कहा कि अगर वो उन्हे विधासभा चुनाव में अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव के खिलाफ टिकट दे और फिर लोकसभा में सरगुजा से चुनाव में प्रत्याशी बनाये, तो भाजपा में आने के बारे में सोच सकते हैं।

## बीईओ दयाल सिंह को राज्य सरकार ने किया सस्पेंड

**कवर्धा,31 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में बीईओ के निलंबन को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है।बोड़ला के प्रभारी बीईओ दयाल सिंह को राज्य सरकार ने सस्पेंड कर दिया है।बीईओ का मूल पद व्याख्याता का है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों विकासखंड शिक्षा कार्यालय में महिला स्टाफ से बदसलूकी के मामले में बोड़ला बीईओ दयाल सिंह के खिलाफ थाने में एफआईआर हुई थी।

## शेयर बाजार में लौटी हरियाली

**मुंबई,31 अक्टूबर।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार का कामकाज मामूली बढ़त के साथ शुरू हुआ है. सुबह के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 228 अंक बढ़कर 64340 के स्तर पर है जबकि निफ्टी 68 अंक बढ़कर 19196 के स्तर पर है. शेयर बाजार के शुरुआती कारोबार में भारत पेट्रोलियम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ओएनजीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में बढ़त दर्ज की जा रही थी. अगर शेयर बाजार के कामकाज में नुकसान झेलने वाले शेयरों की बात करें तो इसमें यूपीएल के शेयर शामिल थे मंगलवार को शुरुआती कारोबार में निफ्टी मिडकैप 100, बीएसई स्मॉल कैप, निफ्टी आईटी और निफ्टी बैंक इंडेक्स मामूली बढ़त पर कारोबार कर रहे थे. मंगलवार को शेयर बाजार के प्री-ओपन सेशन की बात करें तो सेंसेक्स में 330 अंकों की बढ़त देखी गई थी जबकि निफ्टी 19230 के स्तर पर पहुंच गया था. मंगलवार सुबह की शुरुआत अच्छी खबर के साथ हुई.

# आजम खान को बड़ा झटका, योगी सरकार ने जौहर ट्रस्ट से वापस ली जमीन

**लखनऊ,31 अक्टूबर।** आजम खान को एक और बड़ा झटका लगा है। योगी कैबिनेट ने जौहर ट्रस्ट से जमीन वापस लेने का निर्णय ले लिया है। आजम पर नियमों का उल्लंघन कर जमीन हासिल करने का आरोप लगा है। मंगलवार को योगी कैबिनेट की बैठक के बाद बताया गया कि इस पर फैसला ले लिया गया है। यह जमीन समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान जौहर ट्रस्ट को दी गई थी। जमीन पर एक पब्लिक स्कूल संचालित है। इधर, आजम खान की मुश्किलें लगातार बढ़ी हुई हैं। बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में पत्नी और बेटे संग सात साल की सजा सुनाए के बाद आजम फिलहाल सलाखों के पीछे हैं। इधर, जौहर ट्रस्ट में अनियमितताओं को लेकर उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उधर, जाने-माने ठेकेदार फरहत अली से आजम खान के रिश्तों को लेकर आयकर विभाग ने भी शिकंजा कस दिया है। फरहत अली खां और आजम खान के बीच कैसे रिश्ते रहे हैं, कितना ट्रांजेक्शन अथवा चंदा दिया गया है और कितने करोड़ के ठेके आजम ने दिलवाए हैं...इस तरह के तमाम खुलासों की आयकर को उम्मीद है। जिनका आधार बनेगी फरहत के घर से बरामद की गईं डायरी, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क और मोबाइल की डिटेल। आयकर अफसरान दिल्ली के आईटी एक्सपर्ट्स से डाटा रिकवरी करा रहे हैं। मालूम हो कि जौहर विवि बनवाने को जौहर ट्रस्ट को मोटा चंदा दिया गया था। आयकर को आशंका है कि इस चंदे में कर चोरी का बड़ा खेल हुआ है। इसी को लेकर आयकर अफसरान कड़ी से कड़ी जोड़ रहे हैं। इस क्रम में पहले आजम खां के घर छापामारी की गई, जौहर विवि में छापा मारा गया और 27 अक्तूबर को आजम खां के करीबी ठेकेदारों के यहां छापामारी की गई। इस दौरान गायत्रीपुरम निवासी बड़े ठेकेदार फरहत खां का नाम भी सामने आया। जिस पर आयकर की टीम ने घंटों उनसे पूछताछ की। उनके यहां आयकर अधिकारियों को 2084506 की ज्वैलरी और 28 हजार की नकदी मिली थी, जिसे लिखा-पढ़त में लेने के बाद फरहत अली खां के सुपुर्द कर दिया गया था लेकिन, आयकर



टीम इनके यहां से दो डायरी, एक पेन ड्राइव, एक मोबाइल फोन और एक हार्ड डिस्क ले गई है। जिनसे बड़ा क्लू हाथ लगने की आयकर को उम्मीद है। रामपुर के ठेकेदारों के यहां आयकर की छापामारी करीब 34 घंटे तक हुई थी। सूत्रों की मानें तो इसके पीछे तीन मुख्य वजह हैं। जिन पर आयकर अधिकारियों ने सवाल जवाब किए थे। दरअसल सपा सरकार में जौहर विवि के निर्माण के दौरान जौहर ट्रस्ट को चंदा दिया गया था। तमाम बड़े ठेकेदारों ने ट्रस्ट को मोटा चंदा दिया था। वहीं तमाम ठेकेदार ऐसे हैं, जिन्होंने जौहर विवि में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम किया था। कुछ ठेकेदार ऐसे भी हैं, जिन्होंने सरकारी दस्तावेजों में कहीं दूसरी जगह सड़क निर्माण का ठेका लिया लेकिन, हकीकत में निर्माण कार्य जौहर विवि में कराया। इसलिए ठेकेदार आयकर के रडार पर आए हैं और छापामारी की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां से जुड़े जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के चार मामलों में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी।

जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के चार मामलों में भी सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली तारीख 16 व 17 नवंबर निर्धारित की है। मालूम हो कि आलियागंज के किसानों ने सपा नेता आजम खां समेत कई लोगों पर उनकी जमीन का जबरन बैनामा कराकर कब्जा करने के 27 मुकदमें अजीमनगर थाने में दर्ज कराए थे। ये सभी मामले विचाराधीन हैं। वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते सोमवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। दूसरी ओर यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के चार मामलों की सुनवाई अब सात नवंबर को होगी।

ठेकेदार फरहत अली खां ने बताया कि उनसे आयकर अधिकारियों ने सवाल-जवाब किए कि जौहर ट्रस्ट को कितना चंदा दिया है, यूनिवर्सिटी में कितना काम कराया है। हमने बताया कि कोई चंदा नहीं दिया। सारे ठेके ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से होते हैं। कुछ भी गलत नहीं हुआ है। जिस पर उन्होने रिकार्ड खंगाला। चूंकि, पुराना रिकार्ड हो गया, लिहाजा कुछ गायब भी हो गया होगा। हालांकि, हमने बताया कि जो भी हमारा काम है, सब नंबर-एक में है। हर चीज का रिकार्ड मेंटेन है। इसके बाद आयकर टीम कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गई है।

एक नजर

## अवैध शराब बिक्री करने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देश के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्षन में आज दिनांक 26.10.2023 को थाना प्रभारी छुरिया प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु मुखबीर सुचना पर रेड कार्यवाही करते हुए चिचोला रोड छुरिया एच.पी. पेट्रोल पंप के सामने आरोपी का हॉटल के बाहर काउंटर में आरोपी अजय कुमार पटोरिया उर्फ अज्जु पिता जुगलकिशोर पटोरिया उम्र 20 साल के कब्जे से एक काला रंग की थैला में रखे 29 पौवा देशी प्लेन शराब छत्तीसगढ निर्मित मात्रा 5.220 बल्क लीटर कीमती 2320 रूपये एवं बिक्री रकम 4500 रूपये मिला जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 305/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का, थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिवप्रसाद चंद्रा, उप निरीक्षक रमेश पटेल, आर0 1432 द्वारिका कलारी, आर0 1569 भूनेष्वर वर्मा आर. 1251 धर्मेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

## मतदान सामग्री वितरण के लिए बनाया गया केन्द्र

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियां जारी है। मतदान तिथि 7 नवम्बर 2023 के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभावार मतदान सामग्री वितरण के लिए केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों को 6 नवम्बर 2023 को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 173 है, जिसके लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगढ़ को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 192 है, जिसके लिए डॉ. बीआर अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के मतदान केन्द्रों की संख्या 97 है, जिसके लिए स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। इसी तरह मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतदान केन्द्रों की संख्या 69 है, जिसके लिए शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला को मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण की जाएगी।

## चरणदास महंत ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी इंदिरा गाँधी जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. महंत ने कहा कि इंदिरा जी लगातार 3 पारी के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमंत्री रहीं और उसके बाद चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। वे भारत की प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। इंदिरा गाँधी में अपार साहस, निर्णय शक्ति और धैर्य था। उनमें गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी एक ऐसी महिला जो न केवल भारतीय राजनीति पर छाई रहीं बल्कि विश्व राजनीति के क्षितिज पर भी वह विलक्षण प्रभाव छोड़ गईं। यही वजह है कि उन्हें लौह महिला के नाम से संबोधित किया जाता है। गरीबी मुक्त भारत इंदिरा जी का एक सपना था, आज भी वह सपना साकार नहीं हो पाया है। सभी लोगों को भारत से गरीबी को मिटाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, ताकि उनके सपने को हकीकत में तब्दील किया जा सके।

# आयुक्त ने राजस्व वसूली कड़ाई से करने को कहा

■ टीम गठित कर बड़े बकायादारों से कड़ाई कर करो की वसूली के दिये निर्देश




**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर दीपावली त्योहार को ध्यान में रखकर वसूली बढ़ाने एवं बड़े बकायादारों से करों की वसूली कड़ाई से करने टीम गठित करने के निर्देश दिये।आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्ड वार वसूली एवं डिमाण्ड की जानकारी लेकर वर्तमान डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमाण्ड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्तिकरदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान कर समीक्षा करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने टीम गठित करे, गठित टीम संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों के साथ उनके वार्ड में जाकर वसूली करेंगे तथा बड़े बकायादारों जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनसे कड़ाई से वसूली करना सूनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली त्योहार में सभी अधिकारी कर्मचारियों को वेतन दिया जाना है, इसके लिये कड़ाई से वसूली करना सुनिश्चित करे, ताकि अधिक से अधिक वसूली हो सके और वेतन देने में सुविधा हो।

राजस्व अधिकारी श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि बड़े बकायादारों जैसे श्री सम्पूरण सिंह त्रिलोक सिंह बग्गा बकाया राशि 3 लाख 59 हजार रूपये, श्री लक्ष्मी चंद अमर चंद बाफना बकाया राशि 2 लाख 23 हजार रूपये,श्री त्रिलोक सिंग संतसिंग भाटिया बकाया राशि 2 लाख 35 हजार, श्री जनरैल सिंह गुरूदयाल सिंह भाटिया बकाया राशि 2 लाख रूपये के अलावा 50 से अधिक बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया गया है, जिनसे गठित टीम निगम प्रावधानों के तहत वारंट (शक्ति पत्र) के साथ वसूली करेंगे। आयुक्त ने कहा कि शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करें तथा अपने अपने प्रभारित क्षेत्र के आवासीय एवं व्यवसायिक प्रापर्टी की जॉच कर वसूली करना सुनिश्चित करे, ताकि सम्पत्तिकर में वृद्धि हो सके। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों के वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेवे एवं स्वयं वार्डो में जाकर वसूली करे।आयुक्त श्री गुप्ता दुकान किराये की वसूली के संबंध में उपायुक्त श्री मोबिन अली से जानकारी ली।

उपायुक्त श्री अली ने क्षेत्र अनुसार दुकानों तथा व्यवसायिक परिसरों की वसूली एवं अनुबंध के संबंध में जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये की वसूली नियमित रूप से करे तथा जिन दुकानों के आबंटन उपरांत अनुबंध नही हुआ है, उसका अनुबंध करायें एवं अनुबंध उपरांत किराया वसूली करना सुनिश्चित करें, साथ ही लंबे समय से बकाया दुकानदारों से सम्पर्क कर टीम के साथ किराया वसूली करे। बैठक में राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# डोंगरगांव विधानसभा की जनता अभी परिवर्तन के मूड में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 31 अक्टूबर।** डोंगरगांव विधानसभा में इस बार मुकाबला बराबरी का होने वाला है लेकिन जनता असमंजस में है की वोट किसे दे कांग्रेस से प्रत्याशी दलेश्वर साहू ग्राम आलीवारा से है जो वर्तमान में (दर्जा प्राप्त मंत्री)पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण अध्यक्ष है और 10 साल तक डोंगरगांव विधानसभा के विधायक रह चुके है अखबार प्रतिनिधि से बात करते हुए भाजयुमो नेता राजू गिरी गोस्वामी ने बताया कि 10 साल दलेश्वर साहू के कार्यकाल को देखने के बाद डोंगरगांव की जनता जान चुकी है कि दलेश्वर साहू की विधायकी में विधानसभा में विकास के कार्य कितना हुए है? और उसकी गुणवत्ता क्या है और जो हुए भी है वो सीमित,और स्तरहीन ठेकेदारी के भेट चढ़ गए है। विधायक लोक मंडई और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने में व्यस्त रहे है ,उनका कार्यकाल हमेशा विवादो से जुड़ा रहा है।उनसे जुड़े लोगो की समस्या ही हल हो रही है बांकि आम जनता की छोटी छोटी परेशानी पानी, सड़क, आवास ,स्वास्थ्य और जनकल्याण के कई योजनाएं आज भी पूरे विधानसभा में नही पहुंच पाए है। उनका ड्रीम प्रोजेक्ट डोंगरगांव से मोहड़ तक की 4 लेन सड़क भी अपनी गुणवत्ता और निर्माण में खामी के कारण खरा नहीं उतर रहा। विकासखंड मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर ग्राम भटगुना का हाल देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि डोंगरगांव विधानसभा में कितना विकास हुआ है? 10 साल की विधायकी में विधायक ने इन ग्रामीणों के मांगों पर कभी भी पुल बनाने के लिए न आश्वासन दिया और न ही उनकी मांगों को पूरा किया। क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू लगातार दो बार से विधायक हैं अनेक बार मांग करने के बाद भी क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहु और शासन-प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसका खामियाजा गांव वाले भुगत रहे है बारिश के दिनों में नाला पूरी तरह से भर जाता है स्कूली बच्चे, किसान और गांव वाले मुख्य रोड से बिलकुल कट जाते है। गाड़ियों का आवागमन रुक जाता है। साथ ही दर्री एनिकट के नजदीक किसानी कर रहे किसानो को एनिकट के धसने से उनकी फसलो का नुकसान ,और उनकी जमीन भी धसक कर नदी में सम्मिलित हो गई इस नुकसान की अनदेखी कर उनको धरना प्रदर्शन तक पे मजबूर कर चुके विधायक की कार्यशैली जगजायज है। जल आवर्धन योजना में करोड़ों लगाने के बाद भी योजना खटाई में पड़ गई है डोंगरगांव की जनता को गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत का सामना भी करना पड़ता है। पुराने प्रत्याशी दलेस्वर साहू और नए बीजेपी के भरत को चुनने में लोग बहुत ही असमंजस की स्थिति में है । दलेश्वर साहू के लिए लोगों में एंटी इनकंबेंसी भी हावी है और नए प्रत्याशी भरत वर्मा के लोकल ना होने की वजह से बीजेपी के कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी जग जाहिर है। डोंगरगांव विधानसभा की वोटर की संख्या 202631 है जिसमे पुरुष मतदाता 101976,और महिला मतदाता 100655 है अब देखना ये है की जनता किस पर अपना बहुमूल्य वोट डाल कर उसे सर आंखों पे बिठाती है।

## जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रत्याशी मुकेश साहू को मिल रहा है जनता का आशीर्वाद




**डोंगरगांव 31 अक्टूबर।** विधानसभा क्षेत्र के जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रत्याशी मुकेश साहू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लगातार सघन जनसंपर्क में जुटे हुए हैं गांव-गांव में उन्हें आम जनता का भरपूर आशीर्वाद व समर्थन मिल रहा है इस दौरान गांव गांव जाकर बैठक कर रहे हैं बैठक के माध्यम से जनहित के मुद्दे को लोगों के सामने उठा रहे हैं और अपने लिए मत और समर्थन मांग रहे हैं सोमवार को उन्होंने डोंगरगांव विधानसभा के भरवा, पटपर, मेढहा, अमलीडीह, उरई डबरी में ग्रामीणों से रूबरू मुलाकात कर डोर टू डोर जनसंपर्क किया इस दौरान उन्होंने आम जनता से कहा कि आप सब का आशीर्वाद ऐसा ही मिलता रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर की जा रही है सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** नंबर प्लेट पर कार्यवाही के 25 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 31 प्रकरण, तीन सवारी के 04 प्रकरण एवं अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 69 प्रकरण कुल 129 प्रकरणों पर कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईस दी गई पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से वाहनों पर नंबर प्लेट में पद/नाम लिखे व रंगीन नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म, प्रेशर हॉर्न, तीन सवारी, वाहनों का कागजात नही होना, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चालाने, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर लगातार वाहनों की चेकिंग करने हेतु आदेश दिया गया था। जिस पर दिनांक 29.10.2023 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नंबर प्लेट पर कार्यवाही के 01 प्रकरण, थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न के 01 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा नंबर प्लेट कार्यवाही के 01 प्रकरण, तीन सवारी के 04 प्रकरण यातायात शाखा



राजनांदगांव पुलिस द्वारा नंबर प्लेट पर कार्यवाही के 23 प्रकरण, प्रेशर हॉर्न के 30 प्रकरण एवं अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 69 प्रकरण कुल 129 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालने करने हेतु समझाईस दी गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने हेतु यातायात नियमों का उल्लंघटन करने वालों के विरूद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## अंचल के गांवो में धान कटाई शुरू

**अंवरी 31 अक्टूबर।** अंचल में इन दिनों खरीफ फसल के रूप में लगाई गई धान की कटाई चल रही है। गांवों में किसानों को धान कटाई करते हुए देखा जा सकता है।

धान की तेजी से तैयार होने वाली किस्म पककर तैयार हो गई है । अधिकांश किसानों ने धान कटाई कर ली है, जिनकी फसल देरी से तैयार हो रही है, ऐसे किसान उपज समेटने में लगे हुए हैं। अधिकांश खेतों में बेहतर उत्पादन के लिए धान की फसल आईआर 64, 1001 व सरना जैसी अर्ली वैरायटी के धान पौधे की रोपाई की गई थी। अंवरी अंचल से लगे हुए वार्डों के अलावा आसपास के गांव भैंसबोड़ जोरातराई,कोलियारी, पूरेना, खपरी, सिर्वे, कुम्हारी, भेड़सर, सिंगदेही, भखारा, भठेली, कोसमर्रा, सिहाद, थूहा, बंगोली, नवागांव, बंजारी, बगौद, जरवायडीह सहित अन्य गांवों में अधिकांश किसानों की फसल कटाई चालू हो गई है । जल्दी से उपज लेने वाले किसान कटाई में जुटे हैं। कई किसान खेत के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वे हार्वेस्टर मशीन की सहायता से धान की फसल जल्द से जल्द काट सकें। ग्राम भैंसबोड़ के किसान रविकुमार, कृष्णकुमार, लक्ष्मीनारायण यादव सहित अन्य किसानों का कहना है कि इस साल मौसम अच्छा होने के कारण धान की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। कई किसानों की फसल कटाई के लिए शेष है। खेतों में धान की खरही रखी हुई है।



## लोकतंत्र के उत्सव में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने जिला प्रशासन की अनूठी पहल




**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** लोकतंत्र के उत्सव में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनूठी पहल करते हुए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से वाक द सिटी पैदल रैली का आयोजन किया गया। हर एक व्यक्ति का मत महत्वपूर्ण है, यह संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए उमंग एवं उत्साह के साथ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं बच्चों व खिलाडिय़ों का कारवां निकला। वाक द सिटी कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अमित कुमार सहित जिला कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली बच्चों व खिलाडिय़ों ने कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन से ठाकुर प्यारे लाल चौक, बजरंग चौक, संगम चौक, बख्तावर चाल से ममता नगर, भदौरिया चौक होते हुए वापस होकर कलेक्टोरेट स्वीप गार्डन तक पैदल रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने कहा कि जिले के सभी नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए 7 नवम्बर 2023 को मतदान अवश्य करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने परिवारजनों, पड़ोसियों एवं सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। रैली में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु नारे भी लगाए गए। कलेक्टोरेट गार्डन (स्वीप गार्डन) में आयोजित कार्यक्रम में मैं भारत हूं... गीत का गायन भी किया और सभी ने मैं मतदान अवश्य करूंगा/करूंगी क्योंकि.... बोर्ड में हस्ताक्षर कर नागरिकों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्कूली बच्चे व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# संस्कारधानी के स्टेडियम को खंडहर बनाया डॉ रमन ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 31 अक्टूबर।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन आज अपने चुनावी जनसंपर्क वार्ड 24 गुरूगोविंद सिंह वार्ड के शहीद हेमू कल्याणी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क शुरू किया जो वार्ड भ्रमण करते हुए प्रभात नगर होते हुए वार्ड 23 अनुपम नगर से वार्ड 45 सृष्टि कालोनी, जीवन कॉलोनी होते हुए कौरिनभाठा वार्ड 44 में भ्रमण करते हुए गांधी नगर, महेश नगर में जनसंपर्क यात्रा का समापन किया। वहीं दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आम जनता से अपने पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए जीवंत संपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान संस्कारधानी राजनांदगांव के जन सहयोग से बने दिग्विजय स्टेडियम की अदूरदर्शी सोच पर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने कहा कि यह विश्व का पहला स्टेडियम है जो बिना पार्किंग का है संस्कारधानी की खेल गतिविधियों को बिना ड्राइंग डिजाइन और अपने दूरदर्शी सोच के कारण विध्वंसक कार्यवाही करते हुए जन सहयोग से बने स्टेडियम को तोड़कर उसकी सामग्रियों को भी अपरा तफरी करने में संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक तीन वर्ष पहले बने बॉस्केटबॉल स्टेडियम को तोड़कर राशि का दुरुपयोग करने का भी प्रमाण भाजपा सरकार ने दिया जब नए स्टेडियम का निर्माण करने की कार्य योजना को प्रचारित प्रसारित किया गया था तो बड़े जोर शोर से वाहवाही लूटने के लिए कहा गया था की तोड़फोड़ से बॉस्केटबॉल स्टेडियम को अलग रखा जाएगा और आर्किटेक्चर के माध्यम से बिना पार्किंग का स्टेडियम की ड्राइंग डिजाइन तैयार कर सरकार के करोड़ों रूपों का जहां बर्बाद करने की कार्य योजना बनी वही संस्कारधानी के खेल गतिविधियों को बाधा पहुंचाने का काम भी निष्क्रिय नेतृत्व के चलते हुआ जिसके कारण शहर के खेल गतिविधियां बाधित हुई है नए स्टेडियम की जनता को भ्रमित जगमगाहट दिखाने के नाम पर स्टेडियम निर्माण में होने वाली लागत राशि में सिर्फ बिजली एसी फिटिंग कर करके आधे अधूरे स्टेडियम का लोकार्पण अपने चुनावी लाभ लेने के लिए कर दिया गया विद्युतीकरण के नाम पर सिर्फ राशि की हेरा फेरी हुई है और एक मुख्यमंत्री के क्षेत्र में बहुत चर्चित स्टेडियम में गड़बड़ी करने वालों को जिस प्रकार से संरक्षित करने का काम किया गया यहां तक की साई हॉस्टल के बच्चों को भी खेलने में बाधा पहुंचा कर उनके खेल कौशल को बाधा पहुंचाया गया पूर्व में क्रिकेट पवेलियन के नाम पर भी जो राशि गड़बड़ी हुई वह भी शहर की जनता ने देखा है 15 वर्षीय मुख्यमंत्री के क्षेत्र में एक समुचित कार्य योजना बनाकर कार्य नहीं होना एक अदूरदर्शी और विजन लेस सोच का परिणाम है जिसका दंश शहर की जनता के साथ-साथ जिले की जनता झेल रही है ।कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से कुतबुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, मोती साहू, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, विरेन्द्र चंद्राकर, झम्मन देवांगन, सुनीता फडनवीस, रौशनी सिन्हा, कुसुम दुबे, बबलू कसार, महेश यादव, नितिन बत्रा, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा की प्रेक्षकों ने, कलटर ने दी तैयारियों की जानकारी



**रायपुर 31 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायपुर जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगणों ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित निर्वाचन से जुडे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले की सभी विधानसभा के व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया से जुडे विषयों की जानकारी ली। प्रेक्षकों ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को लेकर किये गये अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे तथा विधानसभा रायपुर ग्रामीण क्रमांक-48 के प्रेक्षक श्री रविन्द्र लक्ष्मण बिनवाडे (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-49 रायपुर पश्चिम हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री इसराइल वातरे लंगटी (आई.ए.एस), रायपुर उत्तर क्रमांक-50 हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्रीमती विमला आर (आई.ए.एस), विधानसभा क्रमांक-51 रायपुर दक्षिण हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ.लक्ष्मीशा जी.(आई.ए.एस), आरंग क्रमांक-52 हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री मीर तारिक अली (आई.ए.एस), अभनपुर क्रमांक-53 हेतु नियुक्त प्रेक्षक श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा (आई.ए.एस), उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर सहित सभी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य प्रभारी अधिकारी निर्वाचन उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भुरे ने बताया कि इस बार उत्तर और पश्चिम विधानसभा में महिला अधिकारियों को चुनाव संचालन का कार्य सौंपा जा रहा है। उन्हें पीठासीन अधिकारी मतदान दल में जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के तहत सहायक प्रेक्षकों की नियुक्ति,, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन दल, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी टीम, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन कर उन्हें कार्यो से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा सभी टीमें अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारू रूप से कर रही है। सभी विधानसभा क्षेत्र में कंट्रोल रूम बनाया गया है और मुख्य कंट्रोल रूम कलेक्टोरेट मे बनाया गया है। जिसका नंबर भी जारी कर दिया गया है और आने वाले शिकायतों का जल्द निवारण हो रहा है।

# खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से ललिता कंवर नहीं सर्व समाज लड़ रहा है चुनाव:मनभावन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 31 अक्टूबर।** आदिवासी नेता मनभावन सिह उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है, आदिवासी समाज की बेटी ललिता कंवर को शोषण के खिलाफ संघर्ष से बनी हमर राज पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है, यह पार्टी सर्व समाज की पार्टी है, और खुज्जी विधानसभा से ललिता कंवर नहीं एस.टी. एस.सी ओबीसी सर्व समाज चुनाव लड़ रहा है, खुज्जी विधानसभा से ललिता कंवर की जीत पक्की है।

श्री उइके ने आगे कहा है कि ललिता कंवर हमर राज पार्टी का बाल्टी निशान को लेकर पुरे खुज्जी विधानसभा का दौरा कर रही है जहा सर्व समाज का भारी जनसमर्थन मिल रहा है, इस जनसमर्थन को देखकर दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा कांग्रेस घबराई हुई है, खुज्जी की जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा कांग्रेस उन्हें सिर्फ अपना कटपुतली समझ कर नचाने का काम करती है, दोनों दल पाच साल में सिर्फ चुनाव के समय एक बार जनता के बीच पहुच कर बड़े बड़े वादा कर सत्ता हासिल कर लेती है, जिसके बाद वे लोग सत्ता के नशे में ऐसे मदहोश रहते है कि पलटकर जनता को देखते तक नहीं। श्री उइके ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में खुज्जी कि जनता को कहा है इस बार फिर भाजपा कांग्रेस के लोग व उनके नेता बड़े बड़े वादा करने आयेंगे तो उनसे पूछना पहले के किए वादों का क्या हुआ जिसके लिए संकल्पित थे, भाजपा वाले आये तो उनसे पूछना किसानो का बोनस का क्या हुआ अपने 15 सालो के शासन काल में क्यों किसानो को ठगा, वही कांग्रेसी पहुचे तो पूछना सभी किसानो के सभी बैंक के सभी तरह के कर्ज माफी का घोषणा कर सिर्फ सहकारी बैंक के आधे अधूरे कर्ज माफी कर वाहवाही क्यों लुट रहे थे, उनसे पूछना नेशनल बैंको से लिए किसानो द्वारा केसीसी कर्ज क्यों माफ नहीं हुई, ऐसे बहुत सारे वादे भाजपा कांग्रेस के नेताओ ने किया है जिसे आप सब जनता भली भाति जानते है वो सब सवाल उनसे जरुर पूछे। अपने विज्ञप्ति में आदिवासी नेता उइके ने भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवारो पर तंज कसते हुए कहा है श्री भोलाराम साहू जी पाचवी बार खुज्जी विधानसभा से कांग्रेस का उम्मीदवार है जिसमे दो बार विधायक रहे श्री भोलाराम साहू जी अपने 10 वर्षो के विधायकी कार्यकाल में ऐसी कौन से बड़े कार्य खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लिए कराए है जिसे वह अपनी उपलब्धि कह सके, वैसे लगातार भोलाराम जी को टिकट देने से कांग्रेस के जमीनी नेता घर बैठ गए है, वैसे ही भाजपा कि उम्मीदवार श्रीमती गीता घासी साहू भाजपा से ही बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ी जिसे भाजपा ने पहले जिला पंचायत अध्यक्ष बानाया अब विधानसभा का उम्मीदवार बना दिया, जिसे भाजपा के ही कार्यकर्त्ता व नेता नहीं पचा पा रहे है, भाजपा के ऐसे निराश नेता कार्यकर्त्ता बे मन मज़बूरी में भाजपा का झंडा उठा रहे है,

श्री उइके ने आगे कहा भाजपा के कई नेता जो टिकट के दौर में शामिल थे वैसे नेता खुज्जी क्षेत्र में घूम ङ्क घूम कर श्रीमती गीता साहू के पति घासी साहू जी पर लेनदेन वाली बाते बता रहे है, इस तरह भाजपा कांग्रेस दोनों दलों में निपटो निपटाओ का खेल चल रहा है ऐसे में इन दलों के नेता और विधायक बन गए तो क्या क्षेत्र का विकास कराएँगे, ये लोग पहले कि तरह निपटो निपटाओ में लग जायेंगे, खुज्जी विधानसभा की जनता को मेरा अपील है जागो और जगाओ, हमर राज पार्टी के बाल्टी में बटन दबा कर ललिता कंवर को विजयी बनाओ, अभी नहीं तो कभी नहीं।

संपादकीय

# केरल में बम विस्फोट का अर्थ

भारत अपने देश के साथ ही किसी भी देश में हो आतंकवाद के खिलाप है।वह चाहता है कि आतंकवाद का समूल नाश होना चाहिए। वह मानता है कि आतंकवाद अच्छा और बुरा नहीं होता है, आतंकवाद सिर्फ आतंकवाद ही होता है। उससे मानव समाज के नुकसान होता है। इसलिए दुनिया के तमाम देशों को आतंकवाद का कड़ा विरोध करना चाहिए तथा आतंकवादी किसी भी वजह से हुई हो उसकी समवेत स्वर में कड़ी निंदा करनी चाहिए। यही उसने किया जब फिलीस्तीनी आतंकवादियों ने इजराइल पर हमला किया और 1400 लोगों को बर्बरता से मार दिया। भारत फिलस्तीन की समस्या को दूसरे देशों की तरह नहीं देखता है। उसका नजरिया है कि फिलस्तीन समस्या का समाधान फिलस्तीन व इजराइल को बातचीद के जरिए हल करना चाहिए। इस समस्या का समाधान युध्द या आतंकवादी हिंसा नहीं है। यही वजह है कि भारत ने एक तरफ हमास के आतंकवादी हमले की निंदा की है तथा दूसरी तरफ फिलस्तीन लोगों की मदद के लिए राहत सामग्री भेजी है तथा यह भी कहा है कि फिलस्तीन समस्या का समाधान दोनों देशों को बातचीत से निकालना चाहिए। यूएन में हुई 179 देशों की बैठक में दो प्रस्ताव पास किए गए कि फिलस्तीन में चल रहा युध्त तत्काल रोका जाना चाहिए। इस एक तरफा प्रस्ताव था तथा फिलस्तीन की ही चिंता की गई थी, इसमें हमास की निंदा नहीं की गई थी इसलिए भारत ने इस प्रस्ताव में वोट नहीं किया और उसने बता दिया कि वह वोट क्यों नहीं कर रहा है। एक प्रस्ताव कनाड़ा की तरफ से भी लाया गया था पर वह पास नहीं हो सका, इसका भारत ने समर्थन किया था कि इसमें हमास के हमले की निंदा की गई थी। यूएन से लेकर विश्व तक हमास व इजराइल को लेकर लोग व देश दो भागों में बंटे हुए हैं। एक पक्ष फिल्सतीन के नाम पर हमास जैसे संगठनों के साथ खड़ा है तथा दूसरा पक्ष आतंकवाद के खिलाफ है। भारत उन देशों के साथ खड़ा जो आतंकवाद के खिलाफ हैं। भारत आतंतवाद के खिलाफ है इसलिए वे देश जो आतंकवाद को पालने पोसने वाले हैं तथा उसका उपयोग हथियार के रूप में करने वाले है, भारत को पसंद नहीं करते हैं। आतंकवादी संगठन भी इसी वजह से भारत को पसंद नहीं करते हैं। पाक समर्थित आतंकवादी संगठनों का भारत ने कश्मीर में सफाया कर दिया है इसलिए ऐसे संगठन तो भारत मे आतंकवादी घटना करना ही चाहते है। अब भारत विरोध के कारण हमास भी चाहता है कि भारत में आतंकवादी घटनाएं की जाएं। केरल में फिलस्तीन के समर्थन में हुए एक कार्यक्रम में हमास नेता खालिद मशेल ने वीसी के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि फिलस्तीन पर हमले का विरोध मुसलिमानों को करना चाहिए तथा यह विरोध दिखना चाहिए। उसने एक दिन पहले केरल के मुसलमानों से ऐसा कहा और एक दिन बाद ही केरल में ईसाइयों की प्रार्थना सभा में यह विरोध दिख गया। ईसाइयों की प्रार्थना सभा में एक के बाद एक तीन बम विस्फोट हुए तथा इसमें दो लोगों की मौत हुई है तथा पचास से अधिक लोग घायल हुए हैं। पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल में कश्मीर जैसे सीमाई राज्य को छोड़ दिया जाए तो देश के अन्य राज्यों में आतंकवाद की कोई घटाना नहीं हुई, आतंकवादियों ने कई बार प्रयास किया लेकिन वह घटना को अंजमा देने के पहले की पकड़े गए। नौ साल में देश में शांति रही। अब केरल में पहली घटना हुई है। यह घटना भी इसलिए हुई कि राज्य सरकार सतर्क नहीं थी, वह सोच नहीं पाई जब एक हमास का आंतकवादी राज्य के लोगो को उकसा रहाहै तो राज्य में कुछ बुरा हो सकता है। केरल की घटना के पीछे वे लोग है जो भारत की इजरायल व हमास नीति को पसंद नहं करते हैं, वह आतंकवादी घटना के जरिए मोदी सरकार को विदेश नीति बदलने दवाब डाल रहे हैं लेकिन मोदी सरकार अपनी नीति पर अटल रही है तथा वह अटल रहेगी। क्योंकि उसकी विदेश नीति सही है।

# कैसे बचेगी बेटी,कैसे पढ़ेगी बेटी?

चिंतन


मनोज कुमार अग्रवाल



**सवालिया निशान यह है कि इस तरह की घटनाओं से आखिर निजात कब मिलेगी? कानून अपना काम क्यों नहीं कर पा रहा है? गंभीर मामलों में गिरफ्तार अभियुक्त किस तरह खुले घूम रहे हैं और दोबारा अपराध करने की हिम्मत जुटा रहे हैं?**

दिनदहाड़े ओटो में बैठी छात्रा के हाथ से मोबाइल लूट के दौरान बदमाशों द्वारा ओटो से भिड़ने वाली बहादुर छात्रा कीर्ति सिंह आखिर जिंदगी की जंग हार गई। उसने गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में इलाज के 48 घंटे बाद दम तोड़ा। छात्रा की मौत ने एक बार फिर बेटी बचाओ बेटी सुरक्षा के नारे पर सवालिया निशान लगा दिया है वहीं सरकार के बेटियों की सुरक्षा सम्मान को बचाने के लिए किया जा रहे तमाम दावों पर भी पानी फिर दिया है आपको याद होगा कि करीब 2 महीने पहले इसी तरह की घटना यूपी के अंबेडकर नगर में हुई थी जहां लड़की का दुपट्टा खींचने की कोशिश करने वाले दो बदमाशों से बचने के चक्कर में एक स्कूली छात्रा सड़क पर गिरकर मोटरसाइकिल से कुचल दी गई थी और लड़की की मौत





हो गई थी। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का बयान आया था की प्रदेश में यदि लड़कियों की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ होती है तो अगले चौराहे पर ऐसे लुटेरे और मनचले का इंतजार यमराज कर रहे होंगे। दो महीने के अंतराल के बाद एक बार फिर गाजियाबाद में घटी थी इस घटना ने मुख्यमंत्री के उन तमाम दावों पर पानी फेर दिया है जिनको लेकर उत्तर प्रदेश का हर अभिभावक विश्वास और भरोसा करता है और अपनी लड़कियों कीजान व सम्मान की सुरक्षा समझते हुए योगी बाबा के भरोसे पर पढ़ाई और दूसरे कामों के लिए घर से बाहर भेजने की हिम्मत जुटा पाता है।

आपको बता दें बदमाशों का शिकार बनी होनहार छात्रा कीर्ति ऑटो पर किनारे की तरफ बैठी हुई थी। लुटेरों की नजर उसके मोबाइल पर थी। वो झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने की फिराक में थे इसी बीच मसूरी थाना क्षेत्र के डासना फ्लाईओवर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की।लेकिन कीर्ति ने पूरी ताकत से विरोध किया।कीर्ति ने मोबाइल नहीं छोड़ा तो बदमाशों ने झटका देकर उसे ऑटो से नीचे घसीट लिया. कीर्ति 15 मीटर तक सड़क पर घिसटती रही. फिर भी उसने हार नहीं मानी।लुटेरे उसे कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गए. आखिरी तक कीर्ति बाइक सवार लुटेरों से लोहा लेती रही. इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आ ग. वो बुरी तरह घायल हो गई। उसके साथ चल रही सहेली ने उसे अस्पताल पहुंचाया और घरवालों को सूचना दी।कीर्ति सिंह के शरीर में दो फैक्चर हुए थे. सिर में भी गंभीर चोट आई थी. ऑटो से सिर के बल गिरने के कारण सिर की हड्डी टूट गई थी।वो आईसीयू में भर्ती थी।कीर्ति ने अस्पताल में 48 घंटे तक जिंदगी की जंग लड़ी।मगर वो ये जंग हार गई।इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े चलती सड़क पर ओटो में बैठी छात्रा के साथ इस तरह की वारदात निश्चित रूप से बदमाशों के बुलंद हौसलों को बताती है यह घटना बताती है कि मुख्यमंत्री कितने भी बयान दें लेकिन उनकी पुलिस सुधारने के लिए तैयार नहीं है। यदि पुलिस थोड़ा भी सचेत होती तो इस तरह के मवाली गुंडे राह चलती छात्रा के हाथ से मोबाइल छीनकर उसे मौत के मुंह में धकेलने की हिम्मत नहीं कर पाते।

जैसा कि हर मामले में होता है घटना के बाद जागी पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी बॉबिल उर्फ बलवीर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बॉबिल के पैर में गोली लगी, इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरा आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू फरार था ताज़ा जानकारी के अनुसार उसे आज सोमवार की तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया।

ज्ञात हो कि घटना के बाद मसूरी थाना रविंद्र चंद्र पंत को सस्पेंड करने के साथ ही अब तक थाने से तैनात तीन सब इंस्पेक्टर हटाए जा चुके हैं। मात्र 18 साल की कीर्ति सिंह इंजीनियर बनने के सपने लेकर गाजियाबाद के एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया था या उसके कॉलेज का पहले या दूसरा ही दिन था कि उसके साथ यह वारदात कर दी गई एक मां-बाप के अपनी बेटी को इंजीनियर बनने के सपने तो दस्त हुई गए बल्कि उन्हें अपनी प्यारी संतान से भी हाथ धोना पड़ा यह घटना अपने आप में बहुत संगीत है कीर्ति इस परिवार की इकलौती बेटी थी इकलौती बेटी को खोकर पिता रविंद्र सिंह पत्नी संतोष और भाई अंकित का बुरा हाल है कीर्ति ने बहुत अच्छे नंबरों से हाल ही में इंटर की परीक्षा पास की थी मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती थी उसके माता-पिता ने एक माह पहले ही उसका दाखिला कराया था किसी को नहीं पता था कि कुछ बदमाशों की करतूत कीर्ति की जिंदगी के लिए इतनी भारी साबित होगी इस जान कमाने वाली बेटी के पिता रविंद्र कुमार रेलवे के लोको पायलट है यहां यह भी गौरतलब है कि अभी हाल ही में नवरात्रों से पहले 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की थी इसके तहत पिंक बूथ पिंक मोबाइल शक्ति दीदी और बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता के तमाम कार्यक्रमों में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन बेटियों की सुरक्षा के लिए जो पुलिस को तत्परता जागरूकता और सजकता का पाठ पढ़ना था उसे पढ़ने में शायद उत्तर प्रदेश की सरकार नाकाम रही। लड़कियों महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और लूटपाट बाजार में महिलाओं के साथ झपट मारी चैन स्नैचिंग छात्राओं के साथ राह चलते छेड़छाड़ अब भी जारी है।

इस बेहद शर्मनाक घटना के बाद अपनी गिरती छवि को मैनेज करने में लगी पुलिस ने आनन फानन में सोमवार के तड़के कल्लुगढी मसूरी थाना क्षेत्र निवासी फरार अपराधी जितेंद्र उर्फ जीतू को एक एनकाउंटर में देर कर दिया जितेंद्र रूप जीतू पर लूटपाट के 9 मामले दर्ज है वह एक कुख्यात अपराधी था।इस वारदात में वह बाइक पर पीछे बैठा था और आरोप है कि उसने ही छात्रा को ओटो से खींचा था।

सवालिया निशान यह है कि इस तरह की घटनाओं से आखिर निजात कब मिलेगी? कानून अपना काम क्यों नहीं कर पा रहा है? गंभीर मामलों में गिरफ्तार अभियुक्त किस तरह खुले घूम रहे हैं और दोबारा अपराध करने की हिम्मत जुटा रहे हैं? यह कहना सही है कि योगीराज में इतना संभव हो सका कि छात्रा के हत्यारे लुटेरे बदमाशों में से एक को पुलिस ने मार गिराया है लेकिन सिर्फ इतना पर संतोष कर लेना कानून व्यवस्था की हालत से आंख मीचना होगा जरूरत इस बात की है कि उत्तर प्रदेश की सरकार एक बार फिर तमाम घटनाओं और प्रदेश में अपराध में जुटे बदमाशों की कुंडली तैयार करें और उनके खिलाफ समुचित कार्रवाई कर उन्हें प्रदेश से बाहर करें अथवा जेल के सींखचों के अंदर भेजें। वही अदालत ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई कर दंडित करने का संकल्प लें ताकि बेटियां अभय होकर जीवन जी सकें।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। आपको दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। आज किसी मित्र के प्रति आपका विशेष प्रेम आकर्षण हो सकता है और यह प्रेम संबंध बहुत खुबसूरती के साथ आगे बढेगा आप खुशियां मनाएंगे। दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे। परिवार में भाई बहनों का पूरा सपोर्ट रहेगा।

वृषभ राशि-आज का दिन आपके लिए शुभ फलदाई साबित हो सकता है। आज आप कार्यक्षेत्र में अपने काम को बड़ी तत्परता के साथ जल्दी ही पूरा कर लेंगे। सभी आपके काम से संतुष्ट दिखाई देंगे, यदि आप अधिकारी हैं तो आपका यह प्रयास और भी फायदेमंद रहेगा क्योंकि आपके कार्यालय में सहकर्मियोंके बीच आपके कर्मठ व्यक्तित्व की छवि बनेगी। आपकी सराहना के साथ -साथ भविष्य में लाभ होने के संकेत हैं।

मिथुन राशि-आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं किसी क्रिएटिव कार्य अथवा व्यापार से जुड़ी हुई है उन्हें आर्थिक दृष्टि से अच्छे लाभ की संभावना है। दाम्पत्य जीवन बहुत खुशहाल रहेगा। व्यापार करने वाले लोगों का दिन सामान्य रह सकता है। आप अपने ग्राहकों से मैत्रीपूर्ण संबंध रखें लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अपने किसी मित्र का मार्गदर्शन मिलेगा जिससे आगे चलकर लाभ मिलने की गुंजाइश है।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आपको भाग्य का साथ मिलने की संभावना है। व्यवसाय और रोजगार में बढ़ोतरी के संकेत हैं। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज कोई प्रोजेक्ट मिलने के योग है जिसमें आपको अपनी मेहनत से बेहतर परिणाम मिलेंगे। आजका दिन आर्थिक दृष्टि से सामान्य रहेगा। जो छात्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, आज बहुत व्यस्त रह सकते हैं कुछ भ्रम की स्थिति आ सकती है परन्तु किसी सीनियर की मदद से दूर हो जाएगी और सही मार्गदर्शन मिलेगा।

सिंह राशि-आज के दिन आप उत्साहित महसूस करेंगे। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के लिए सोच सकते हैं, उसमें सफलता देखने को मिलेगी और आमदनी भी बढ़ेगी। आप सरकारी नौकरी करते हैं तो किसी भी बात को बेवजह तूल न दें, सहकर्मियों के साथ आपका दोस्ताना व्यवहार आपको लाभ दिलाएगा। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। छात्र अपने कैरियर को लेकर भविष्य की रणनीति बनाएंगे, माता-पिता आज आपको कोई सरप्राइज़ दे सकते हैं।

कन्या राशि-आज आप अपनी मेहनत को लेकर आशान्वित रहेंगे। आपके कारोबार और रोजगार में मेहनत से अच्छे परिणाम हासिल हो सकते हैं। इसी आधार पर आप अपने भविष्य की रणनीति तैयार करेंगे। व्यापार के क्षेत्र में आपकी स्थिति अच्छी होगी और ग्राहक भी बढ़ेंगे। नौकरी में नये अवसर मिलने की संभावना है। छात्रों को परीक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने-फिरने का प्लान बनाएंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। करियर में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र का माहौल अनुकूल रहेगा जिससे आपको अपने कैरियर में आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। यदि आप खुद का काम करने का सोच रहे हैं तो सफल होने की गुंजाइश है। जो लोग व्यापार से जुड़े हैं उनकी पहले बनाई गई योजनाएं सफल होंगी और अच्छा लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, कोई यात्रा भी हो सकती है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन बदलाव लेकर आ सकता है। आप काम के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, यदि कहीं निवेश किया है तो वहां भी लाभ की संभावना है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। भाई बहनों का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि-आज आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। आपके घर पर दूर रह रहे रिश्तेदार आ सकते हैं उनके साथ ज्यादा समय व्यतीत होगा और पुरानी कुछ खास बातें भी करेंगे। आज आपके कैरियर को लेकर अच्छी खबर मिल सकती है। नौकरी करने को पदोन्नति मिलने की संभावना है। व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं।

मकर राशि -आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिल सकता है। आपके रुके कार्यों में तेजी आएगी। नौकरी में आज आपके हाथ कोई नया प्रोजेक्ट सौंपा जाएगा। आप अपनी मेहनत और ईमानदारी से उस प्रोजेक्ट को पूरा करने में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और परिणाम स्वरूप आपको अच्छे वेतन के साथ पदोन्नति मिल सकती है।

कुंभ राशि-आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन और इंक्रीमेंट मिल सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी और कुछ नये व्यापारिक समझौते होंगे जिनसे व्यापार में लाभ होगा और आमदनी बढ़ेगी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आप अपने कार्यक्षेत्रों में अनुशासित रहकर मेहनत करेंगें जिससे बेहतर परिणाम मिलेंगे।

मीन राशि-आपके लिए दिन सामान्य रहेगा। परिवार में प्रेम भावना बनी रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है आय के नये स्रोत मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। जो नौकरीपेशा हैं कार्यस्थल पर एक्टिव रहकर अपने कार्यों को पूरा करेंगे। लवमेट्स के लिए अच्छा दिन है। किसी पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। इससे एक दूसरे को अच्छी तरह समझने का मौका भी मिलेगा।

व्यंग्य

# नागनाथ या साँपनाथ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



चुनावी दिनों में पत्रकार माइक लिए लोगों के मुँह में घुसे रहते हैं। लोग हैं कि सरकार से रूठे रहते हैं। पाँचवां सवाल आया कि नहीं जनता बहू और सरकार सास बनी एक-दूसरे से मुंह फुलाए रहती हैं। जनता सरकार से जवाब की तलाश में अपनी जरूरतों को सवालों के रूप में लिए आँखें बिछाए रहती है। ऐसे में कोई पत्रकार सवाल पूछ ले तब तो इनका माथा और ठनक जाता है। आजकल टी.वी. स्टूडियो में भौंकने भर से टीआरपी बढ़ाने वाले लोगों के बीच आ जाएँ तो इससे बढ़िया बात और क्या हो सकती है। ऐसे ही दिनों में एक बार एक पत्रकार ने चुनावी नब्ज और रुझान टटोलने के लिए एक बंदे से सवाल करने लगा - मान लीजिए यदि दो दलों के दोनों कैंडिडेट रुपए देते हैं, तो आप किसे वोट देंगे?

इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - कमाल करते हो। यह भी कोई पूछने वाली बात है। जो सबसे ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा।

पत्रकार ने एक और सवाल किया - मान लीजिए दो के बदले तीन कैंडिडेट खड़े हों तब किसे वोट दोगे?

इस पर बंदे ने मुस्कुराकर कहा - बहुत सिंपल है। भाई जो ज्यादा देगा मैं उसी को वोट दूँगा।

पत्रकार ने इस बार चालाकी भरा सवाल किया - मान लीजिए दस कैंडिडेट खड़े हैं। सभी एक समान राशि देता है, तब आप क्या करेंगे?

बंदे ने हल्के से पत्रकार के कान में कहा - कोई बेवकूफ ही होगा जो वोट देने के बारे में सोचेगा। इतना पैसा मिलने पर मैं तो सैर सपाटे पर निकल जाऊँगा।

पत्रकार की हँसी छूट रही थी। जैसे-तैसे उसने खुद को संभाला। उसने पूछा - बिना वोट दिए यह कैसे संभव है?

बंदे ने कहा - पिछले कई चुनावों से मैंने वोट नहीं दिया। फिर भी मेरा वोट कोई न कोई डाल ही देता है। इस तरह सैर सपाटा और वोट दोनों हो जाता है।

पत्रकार ने अंतिम सवाल पूछा - क्या ऐसा करने से आपको कभी नहीं लगा कि आपका वोट गलत कैंडिडेट को पड़ गया?

बंदे ने कहा - वोट इसे मिले या उसे क्या फर्क पड़ता है। कोई नागनाथ है तो कोई साँपनाथ। इतना कहते हुए वह जोर-जोर से हँसने लगा।

## शुगर के मरीज हैं तो नाइट शिफ्ट करने से कर लीजिए तौबा

डायबिटीज सबसे तेजी से बढ़ती बीमारी में से एक है. आजकल कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं. कुछ सालों में दुनिया में डायबिटीज तेजी से अपना पैर पसार रही है. भारत में भी डायबिटीज मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है. इसका सबसे बड़ा कारण अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खराब खानपान है. रात में देर तक काम करने वालों यानी नाइट शिफ्ट वालों में भी डायबिटीज बहुत ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे लोग जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें तो रात में काम करने से तौबा करना चाहिए. क्योंकि उनका ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है. आइए जानते हैं इसे मैनेज करने क्या करना चाहिए... एक स्टडी में पाया गया है कि आईटी जैसी फील्ड्स में नाइट शिफ्ट आजकल आम हो गया है. यहां काम करने वाले यंग प्रोफेशनल्स में डायबिटीज का खतरा सबसे ज्यादा देखने को मिलता है. ज्यादा देर तक एक जगह बैठे रहने की आदत की वजह से यह बीमारी तेजी से बढ़ती है. चूंकि रात में जागकर काम करना होता है तो ऐसे लोग एक्सरसाइज और वर्कआउट भी नहीं कर पाते हैं, जिससे मोटापा भई तेजी से बढ़ जाता है. इस वजह से प्रीडायबिटीज का खतरा और टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम ज्यादा बढ़ जाता है. रात में काम करने वालों के शरीर का क्लॉक प्रभावित हो सकता है. इससे मेटाबॉलिज्म पूरी तरह बिगड़ जाता है.

राज्य स्थापना दिवस

*विजय मिश्रा 'अमित'

# छत्तीसगढ़ी भाषा; दशा–दिशा



भारत के लगभग सभी प्रान्तों में राजभाषा हिन्दी और अंग्रेजी की अमिट छाप दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। सदियों से इन दोनों भाषाओं ने विशाल बरगद की भांति अपनी शाखाओं को,जड़ों को जनमन के भीतर तक फैला रखा है। ऐसी स्थिति में वर्तमान में छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को तीसरे क्रम पर ही हम पाते है।अपने ही घर में जगह पाने को व्याकुल देखते हैं।

**कार्यालयीन भाषा बनने में बाधक-** यह सर्वमान्य है कि किसी भी राज्य की कार्यालयीन भाषा वहां के निवासियों की समझ के अनुरूप होना चाहिए। इसीलिए हमारे देश के विभिन्न राज्यों में संचालित कार्यालयों में वहीं की भाषा का उपयोग अधिकांशतः किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य को बने अभी 23 वर्ष हुए हैं। बाईस वर्ष के पूर्व इतिहास को देखें तो स्पष्ट होगा कि राज्य को बनने के पूर्व छत्तीसगढ़ी बोली-भाषा को कार्यालयीन भाषा बनाने के लिए बहुत ज्यादा कारगर उपाय नहीं किये गये। नया राज्य बनने के बाद इस दिशा मे में सराहनीय पहल की गई है, पर अनेक कठिनाईयां इसमें बाधक हैं–छत्तीसगढ़ के अधिकांश उच्चाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी छत्तीसगढ़ी भाषा से पूरी तरह से वाकिफ नहीं हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा में बहुत अधिक विविधता है। अलग-अलग क्षेत्रों में एक ही शब्द को अलग-अलग ढंग से लिखने के कारण भी कठिनाइयां है ।कार्यालयीन कार्य में छत्तीसगढ़ी भाषा को इस्तेमाल करने के लिए समुचित मार्गदर्शक किताबों का अभाव है।छत्तीसगढ़ी भाषा में कार्यालयीन कार्य के निष्पादन हेतु सतत् कार्यशाला का आयोजन भी नहीं हो रहा हैं।

**बढ़ावा देने हों ऐसे प्रयास-** हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में केन्द्र-राज्य शासन द्वारा स्नातकोत्तर की डिग्री लेने पर प्रोत्साहन स्वरूप इंक्रीमेंट दिया जाता था। ऐसी व्यवस्था छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए बनना चाहिए।

कार्यालयीन कार्य में छत्तीसगढ़ी के उपयोग हेतु छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करने की बाध्यता हो।कार्य करने के लिए समुचित मार्गदर्शक किताबें उपलब्ध हो, जो कि छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ हिन्दी एवं अंग्रेजी में कैसे लिखना है को सरलतापूर्वक बता सके। छत्तीसगढ़ी में कार्य करने हेतु कार्यशाला का निरन्तर आयोजन हो ।

सभी विभागों में छत्तीसगढ़ी अनुवादक की भर्ती सहित छत्तीसगढ़ी भाषा विकास समिति का गठन होना चाहिए।किसी भी विभाग/कार्यालय द्वारा सर्वाधिक कार्य-निष्पादन




छत्तीसगढ़ी में किया जाता है, उसका वार्षिक मूल्यांकन कर राजभाषा दिवस पर पुरस्कृत किया जाना चाहिए।कार्यालय एवं परिसर में छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित नारें, निर्देश, सूचना पटिटका लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए।

**छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में जोड़ें-** राजभाषा छत्तीसगढ़ी को प्राथमिक स्तर से ही जोड़ने की आवश्यकता है। बालपन में ग्राह्य शक्ति बहुत अधिक होती है। साथ ही इस उम्र में ग्राह्य की गई बातें आजीवन स्मृति पटल पर बनी होती है। अतः प्राथमिक स्तर से लेकर महाविद्यालयीन स्तर पर छत्तीसगढ़ी राजभाषा में लिखी कहानियां, कवितायें, गजल, यात्रा, स्मरण, निबंध, साक्षात्कार, नाटक आदि का समावेश होना चाहिये। प्राथमिक स्तर पर जिस तरह हिन्दी, अंग्रेजी में आवेदन पत्र, पारिवारिक पत्र, विभिन्न विभागों की समस्याओं के निदान हेतु लिखे जाने वाले पत्र आदि लिखना सिखाया जाता है उसी तरह छत्तीसगढ़ी में सिखाने की आवश्यकता है। स्कूल कालेज में वार्षिक समारोह में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों नृत्यों, खेलों को अनिवार्य करना चाहिए।

**राजभाषा छत्तीसगढ़ी से ऐसे जुड़ेगी जनता-**आम जनता तक छत्तीसगढ़ी भाषा को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम लोकमंच हैं। इससे अनादिकाल से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति, भाषा, कथा, कहानी, जनउला, हाना प्रचारित होता आ रहा है। हर्ष की बात है कि ऐसे लोकमंच अब आधुनिक साधन के आने पर रेडियों, टेलीविजन, फिल्म, सोशल मीडिया के साथ साथ विविध राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव में भी प्रमुखता से स्थान पाने लगे हैं। बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन में उदघोषणा छत्तीसगढ़ी भाषा में हो रही है,यह आमजनता तक पहुंच का एक सफल उपाय है।छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखना, पढ़ना पहले काफी कठिन प्रतीत होता था, किन्तु अब छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन में उत्साहजनक गति दिखाई दे रही है। बड़ी संख्या में कवि गोष्ठी, कहानी पठन,नाटकों का मंचन और फिल्मों का निर्माण भी हो रहा है।

**छत्तीसगढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान*** किसी भी क्षेत्र में विशेष करने वाले को प्रोत्साहित करने की दृष्टि पुरस्कृत करने की नीति अनादिकाल से प्रचलित है। इसका विशेष महत्व आज भी है। छत्तीसगढ़ी राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने सम्मान पुरस्कार देते समय पारदर्शिता पर गुणवत्ता पर खास ध्यान रखना चाहिये। मेरे विचार से ऐसे पुरस्कारों को देते समय उचित होगा कि इसे तीन वर्गों में अर्थात युवा वर्ग, पुरूष वर्ग और महिला वर्ग में विभिाजित करके देना चाहिये। अधिक आयु के साहित्यकारों को प्राथमिकता देना चाहिये।

**युवा पीढ़ी ही करेंगी राजभाषा को समृद्ध-**किसी भी समाज, परिवार, देश को आगे बढ़ाने के लिए युवा शक्ति को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। अतः छत्तीसगढ़ी राजभाषा को भी आगे बढ़ाने की दृष्टि से युवा पीढ़ी की जागरूकता अत्यधिक प्रभावी होगी।छत्तीसगढ़ के युवा बोलचाल में, लेखन में कार्यालयीन कार्य में और समाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों में यदि विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करते हैं तो निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के साथ साथ अन्य प्रांतो से आये युवा वर्ग के लिए यह अनुकरणीय होगा, जिससे छत्तीसगढ़ी राजभाषा की लोकप्रियता और प्रचलन में वृद्धि होगी।

**छत्तीसगढ़ी राजभाषा का भविष्य उज्ज्वल है-** छत्तीसगढ़ राज्य जब 2000 में बना तो अनेक सवाल जनमानस में उठ खड़े हुए थे। राजभाषा छत्तीसगढ़ी का भविष्य भी उनमें एक था। आज 23 वर्ष को पूरा करते नवोदित राज अब एक सुदृढ़, समृद्ध राज्य के रूप में पहचान बनाने अग्रसर है। छत्तीसगढ़ की राजभाषा संबंधी सवाल विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जा रहे हैं, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी में स्नातक, स्नातकोत्तर की उपाधियां दी जा रही है। कला, साहित्य, खान-पान, तीज-त्यौहार,परंपराओं ने व्यवसायिक रूप लेना आरंभ कर दिया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए हम कह सकते हैं कि राजभाषा छत्तीसगढ़ी का भविष्य उज्ज्वल है।

खेत-खलिहान, गॉव गॉव ले लुगरा धोती ललकारत हे,
छत्तीसगढ़ी माटी म सुआ-कर्मा, ठेठरी-खुरमी महमहावत

## एक नजर

### 2 मतदान केंद्रों का भवन परिवर्तन और 8 मतदान केंद्रों का नाम परिवर्तन

**सुकमा, 31अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा अनुमोदन प्रदाय किया गया है कि जिला सुकमा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 90, कोंटा में 02 मतदान केंद्र का भवन परिवर्तन एवं 08 मतदान केंद्र का नाम परिवर्तन किया गया हैं। भवन परिवर्तन में मतदान केंद्र क्रमांक 61 अतकारीरास (कोमटीगुड़ा) का प्राथमिक शाला कोमटीगुड़ा और मतदान केंद्र क्रमांक 222 दरभागुड़ा का ग्राम पंचायत भवन दरभागुड़ा किया गया है। इसी प्रकार नाम परिवर्तन में मतदान केंद्र क्रमांक 21 बड़ेसट्टी-1 का नवीन बालक आश्रम शाला बडेसट्टी कक्ष क्रंमाक-1, मतदान केंद्र क्रमांक 27 गुफड़ी का प्राथमिक शाला पेशलपारा (गुफड़ी), मतदान केंद्र क्रमांक 74 फुलबगड़ी (दामापारा) का प्राथमिक शाला दामापारा, मतदान केंद्र क्रमांक 113 पाकेला-4 का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजामुण्डा, मतदान केंद्र क्रमांक 160 भेलवापाल का शासकीय माध्यमिक शाला भेलवापाल, मतदान केंद्र क्रमांक 171 सुकमा-9 का जनपद प्राथमिक विद्यालय (सी.बी.एस.ई) सुकमा कक्ष क्रमांक-1, मतदान केंद्र क्रमांक 174 सुकमा-12 का जनपद प्राथमिक विद्यालय (सी.बी.एस.ई) सुकमा कक्ष क्रमांक-2, मतदान केंद्र क्रमांक 180 चिकपाल का माध्यमिक शाला चिकपाल किया गया है।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मदिरा दुकानें, एफ एल कैंटीन रहेंगी बंद

**सुकमा, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला सुकमा में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु प्रथम चरण में नियत मतदान को सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवस्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानों एवं समस्त एफ.एल.-7 कैंटीन को मतदान तिथि 07 नवंबर 2023 को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात 05 नवम्बर 2023 दिन रविवार को अपरान्ह समय 3.00 बजे से 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान समाप्ति तक) बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि /शुष्क दिवस घोषित किया जाता है। उक्त अवधि में जिला सुकमा के समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकान व एफ.एल.-7 कॅटीम में मंदिर का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### मतदान केंद्र में चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखेंगे माइक्रो ऑब्जर्वर

**सुकमा,31 अक्टूबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर्स का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 65 माइक्रो ऑब्जर्वर्स शामिल हुए। सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार और कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस द्वारा आब्जर्वर्स को उनकी भूमिका समझाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के संबंध में टिप्स भी दिए। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर्स को बताया गया कि मतदान स्थलों के सभी गतिविधियों पर निगाह रखने का दायित्व माइक्रो ऑब्जर्वर्स का होता है। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे। उन्हें 18 बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। वे पोलिंग पार्टी के सदस्य नहीं हैं। उन्हें पोलिंग बूथ में रैम्प, पानी, विद्युत व्यवस्था, शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी देनी होती है। मॉकपोल माइक्रो ऑब्जर्वर्स की उपस्थिति में होना अनिवार्य है। मॉकपोल के समय मतदान अभिकर्ता मौजूद है कि नहीं इसकी रिपोर्ट भी माइक्रो ऑब्जर्वर्स देंगे। साथ ही मतदाता रजिस्टर के बारे में बताया गया। मतदाता रजिस्टर 17क में पहचान, दस्तावेजों की विशिष्टता सावधानी पूर्वक भरी जा रही है कि इसकी भी रिपोर्ट माइक्रो ऑब्जर्वर्स देंगे। मतदान की गोपनियता सुनिश्चित करने के लिए मतदान कोष्ठ उपयुक्त ढंग से बनाया गया है अथवा नहीं, यह जानकारी भी माइक्रो ऑब्जर्वर्स अपने रिपोर्ट में सौपेंगे। प्रशिक्षण में दिव्यांग, वरिष्ठ मतदाता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा, आरओ श्री श्रीकांत कोराम सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दे रहा सिलाई प्रशिक्षण

## गादीरास में सिलाई प्रशिक्षण के लिए लगाया गया शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 31 अक्टूबर।** गादीरास में सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा महिलाओं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है, प्रशिक्षण से पूर्व महिलाओं इंटरेस्ट एग्जाम लिया गया। इसके बाद चयनित महिला अभ्यर्थियों को 3 महीने तक निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार दिलाने की यह अभियान है।

वहीं सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा एवं जिला प्रशासन सुकमा के परस्पर समन्वय से गादीरास में महिलाओं के लिए तीन महीने का सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण शिविर में करीब 37 महिलाओं ने सिलाई प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करवाया था वह सभी महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी है। वही आज की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सभी अभ्यर्थियों को इंटरेस्ट एग्जाम लिया गया चयनित महिला अभ्यर्थियों का तीन माह तक का सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए 57 महिलाओं ने आवेदन किया है। वही प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने बताया कि 3 महीने तक चले इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप हमें सिलाई के कार्य में हमें काफी कुछ सीखने को मिला है जिसके लिए हम संस्थान के और सीआरपीएफ अधिकारियों को आभार जताते हैं, उन्होंने कहा कि आगे हम इस सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम हम आत्मनिर्भर बन मदद मिलेगी।

**अन्य प्रशिक्षण शिविर का भी किया जाएगा आयोजन**

वहीं सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय) आगरा के द्वारा आने वाले दिनों में अन्य प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। ताकि पिछड़े एवं अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र के तिथियां को रोजगार के नए अवसर सृजन हो सके इसके लेकर तकनीकी रूप से प्रशिक्षण देकर उन्हें आजीविका के संसाधन उपलब्ध हो सके इसको लेकर संस्था के द्वारा लगातार प्रचार प्रसार अभियान किया जा रहा है और युवाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार के नए अवसर देने की पहल की जा रही है वहीं क्षेत्र के लोग इस कार्य को लेकर काफी प्रशंसा कर रहे हैं और आने वाले दिनों में सिलाई प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन संस्थान के द्वारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है वहीं इसके लिए अभी तैयारी की जा रही है।

# एनएमडीसी, बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 31 अक्टूबर।** एनएमडीसी लिमिडेट, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। आज दिनांक 30.10.2023 को प्रशासनिक भवन के प्रांगण में मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री संजय बासु व मुख्य महाप्रबंधक, (अनु. एवं से.) अनु., श्री पी रामय्यन के द्वारा एवं अन्य सभी कार्यस्थलों में संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता के बारे में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का शुभारंभ किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सतर्कता के प्रति और अधिक जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, निबंध, स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएगें। सतर्कता अधिकारी ने सभी से अनुरोध किया कि वे उनके लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें।



# कोंटा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 31 अक्टूबर।** कोण्टा विधानसभा सभा मे कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन के बाद धमकाने वाले कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और उनके भ्रस्टाचारी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार में पैसे बांटने का फोटो भी अब शोशल ग्रुप में तेजी से धूम मचा रहा है,आज कोण्टा विधानसभा के मराइगुड़ा में प्रचार के बाद कोण्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश के हाथों में नोटो की गड्डी,और आदिवासियों की करोड़ो की सम्पति कमाने वाले मराईगुड़ा सरपंच अपका मारा सूची तैयार करते नज़र आ रहे। बकरा खिलाकर पैसा देकर वोट खरीदने में माहिर कवासी लखमा आदिवासियों को बहलाने का काम करते देखे तस्वीर ।

आज पकेला पेदापारा में बेरोजगार युवाओं ने लखमा मंत्री को 700 नौकरी को लेकर प्रश्न करने पर और लखमा ने 2, 3, लोग को थाना ले गया है,किया मंत्री को प्रशन यह जवाब करने पर जेल यह थाना ले जाना सही नहीं किया है ? यह वीडियो भी किए थे पुलिस वालो ने डिलेट किए हैं,लखमा ने पुलिस वालो को बोला की आप लोग बरो गाड़ी में नहीं तो आप लोग को सस्पेंड किया जाएगा बोला लखमा ने आप सभी बेरोजगार युवकों को डर का बाय करने का कोप दिखा रहे हैं।तैयार हो जाओ लखमा मंत्री ने और पुलिस वालो को बढ़ाया होगा । डरो मत सामना करो।

# मतदान कार्य में लगे वाहनों की होगी सतत निगरानी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र और आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्य के लिए सलंग्न वाहनों का इस बार जीपीएस तकनीक का उपयोग कर सतत निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने परिवहन कार्यालय में स्थापित वाहनों के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में जीपीएस से वाहनों की स्थिति का निगरानी करने की तकनीक का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी को तीनों विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के रूट में टेस्ट ड्राइव करवाकर जीपीएस ट्रेकिंग की कमीबेशी को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों में लगाई जा रही जीपीएस तकनीक के स्टॉल प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने जीपीएस के साथ यदि कोई छेड़छाड़ होने की स्थिति पर उस समस्या के निराकरण पर भी चर्चा किए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, परिवहन अधिकारी श्री ऋषभ नायडू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर्मियों ने दिया वोट

**जगदलपुर 31 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि मतदान कर्मी टीम भावना और आपसी समन्वय से मतदान कार्य को सम्पन्न करवाएं। प्रशिक्षण के दौरान दल के सभी सदस्य साथ में बैठकर प्रशिक्षण के सभी जानकारी को समझें और ईव्हीएम मशीन के संचालन की गतिविधियों के बारे में अच्छे से ज्ञान प्राप्त करें, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों से त्वरित निराकरण किया जा सके। कलेक्टर मंगलवार को विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान कर्मियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट व आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थापित डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

# 1.75 लाख विद्यार्थियों ने अनिवार्य मतदान करने अपने माता-पिता को लिखी पाती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 31 अक्टूबर।** मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों एवं कॉलेज में अनुरोध पत्र लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय हाई स्कूल भैंसाकन्हार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डरीपानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोठा, विद्यालय गांधी विद्या मंदिर बांदे, प्राथमिक शाला बनसागर सहित जिले के समस्त विद्यालयों एवं कॉलेज के 1 लाख 75 हजार विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता को अनुरोध पत्र लिखकर विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया। सभी विद्यार्थियों ने अनुरोध पत्र में लिखा कि हमारा भविष्य देश के मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है और मजबूत लोकतंत्र आप सबकी भागीदारी से ही साकार हो सकता है। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों से अनुरोध किया कि आगामी 07 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और स्वस्थ लोकतंत्र की नींव तैयार करने में अपना योगदान दें।

## समाचार संक्षेप

### कारली में भाजपा महिला मोर्चा ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात



**गीदम 31 अक्टूबर।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम मण्डल अंतर्गत बूथ क्रमांक 44 कारली में रविवार को भाजपा महिला मोर्चा की टीम ने ग्रामीणो के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से यहां विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार करने आई झारखंड की भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आर्थिक कुजूर व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुनिता राय मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा के द्वारा विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा का प्रचार किया गया । इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता समेत महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### बैठक में धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा की गई

**जगदलपुर, 31 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 01 नवंबर से जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों की सोमवार की शाम समीक्षा बैठक में कहा कि सीमांत, छोटे किसानों के धान खरीदी को प्राथमिकता दें। उन्होंने इस खरीफ वर्ष चार नए उपार्जन केंद्र उलनार, कोसली, घाटपदमुर और सिवनी (हिरलाभाटा) बनाए गए हैं उनमें समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय ने नए-पुराने बारदाने की उपलब्धता, मिलर्स का पंजीकरण, गिरदावरी का सत्यापन, संग्रहण केंद्रों की व्यवस्था, सहित धान उर्पाजन केन्द्र में साफ-सफाई, कांटा-बाट का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र, बेमौसम बारिश से बचाव के लिए कैप कव्हर और पानी के निकासी की व्यवस्था, मानव संसाधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस हेतु सभी उपार्जन केन्द्रों में संबंधित नोडल अधिकारियों का नाम एवं नंबर, धान का क्रय दर और आवश्यक जानकारी संबंधी बैनर चस्पा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग, कृषि विभाग, नान, मार्कफेड और सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान दिवस 7 नवम्बर को श्रमिक व कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर 31 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले में निर्धारित मतदान दिवस की तिथि 07 नवंबर को श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 प्रथम चरण में 07 नवंबर मंगलवार एवं द्वितीय चरण में 17 नवंबर शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दिवस के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी दी जानी है एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उपरांत प्रावधान दिवस में मतदान को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। चूंकि औद्योगिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों एवं अन्य व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारी/श्रमिक उपरोक्त प्रावधान के परिधि में आते हैं।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख की उपधारा के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार नियोजित किया जाता है तो उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी प्रदाय की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गई होती। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक पांच सौ जुर्माने का दण्डनीय होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाल कारखानों, संस्थानों की स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक एवं कर्मचारी को संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान किया जाता है।

## आयोग के निर्देशानुसार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सजगता व सतर्कता से करें मतदान अधिकारी

# मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 31 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज सेजेस नरहरदेव हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर में निर्वाचन कार्य हेतु मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों के सदस्यों से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए उन्हें सौंपे गए जिम्मेदारियों का पूरी सजगता और सतर्कता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में विधानसभा निर्वाचन कार्य हेतु गठित सभी मतदान दलों एवं रिजर्व दलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें आज अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 के 142 मतदान दलों के 568 सदस्यों को सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविंदपुर में और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 के 166 मतदान दलों के 664 सदस्यों को जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 के 153 मतदान दलों के 612 सदस्यों को सेजेस नरहरदेव हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 31 अक्टूबर को अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 के 122 मतदान दलों के 488 सदस्यों को सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविंदपुर में, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 के 158 मतदान दलों के 631 सदस्यों को जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में और कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 के 138 मतदान दलों के 552 सदस्यों को सेजेस नरहरदेव हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जिले के चार विधान सभाओं के लिए 50 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन







रायगढ़, 31 अक्टूबर। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए जिले की चार विधानसभाओं हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक कुल 50 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये है। जिनमें लैलूंगा से 9, रायगढ़ से 24, खरसिया से 10 एवं धरमजयगढ़ विधानसभा से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवम्बर 2023 है एवं 17 नवम्बर को मतदान होगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), श्री रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्री श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी),श्री अशोक कुमार भगत (निर्दलीय), श्री भजन सिदार (निर्दलीय) एवं श्री महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय) शामिल है।


विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 24 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्रीमती गोपिका गुप्ता (निर्दलीय),श्री नारायण दास (निर्दलीय), श्री ब्रजमोहन अग्रवाल (निर्दलीय), मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्री ओमप्रकाश चौधरी (भारतीय जनता पार्टी), श्री प्रकाश नायक (इंडियन नेशनल कांग्रेस),श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), राजीव रत्न गुप्ता (निर्दलीय), श्री अरूण अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), श्री शंकर लाल अग्रवाल (निर्दलीय), श्री सुनील मिंज (जोहर छत्तीसगढ़), श्री संजय शर्मा (निर्दलीय), इबरार अली उर्फ इबरार अहमद (निर्दलीय), गोपाल प्रसाद दुबे (निर्दलीय), श्री सुरेन्द्र सिदार (निर्दलीय), गुरवारी जीनत परवीन (निर्दलीय), श्री भुवनलाल पटेल (छत्तीसगढ़ समाज पार्टी), श्री अशोक गार्डिया (निर्दलीय), कान्ति साहू (आजाद जनता पार्टी), श्री भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), श्री राधेश्याम शर्मा (निर्दलीय), श्री संतोष कुमार साहू (निर्दलीय), श्री नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी) एवं पुष्पलता टंडन (बसपा) शामिल है विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्री उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री परिमल यादव (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्रीमती पूर्णिमा विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), श्री प्रवीण विजय जायसवाल (आम आदमी पार्टी), श्री महेश साहू (भारतीय जनता पार्टी), श्री कीर्ति कुमार राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्री भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), श्री यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), श्री गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं श्री विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय) शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनमें श्री जोगेन्द्र एक्का (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), श्री लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सत्यबती राठिया (बहुजन समाज पार्टी),श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी), श्री अनुप कुमार बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी), श्री महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं श्री सुनील खेस्स (निर्दलीय)शामिल है।

## एक नजर

### वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र

**राजिम, 31 अक्टूबर।** मतदान केन्द्र, मतदाता सूची में नाम, नाम का क्रमांक आदि जानने के लिए वोटर हेल्पलाईन एप से और काफी जानकारी सहजता पूर्वक ली जा सकती है। राजिम विधानसभा के रिर्टनिंग अधिकारी एसडीएम धनंजय नेताम ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है दो चरणों में हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते है कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियां अब मोबाईल फोन पर भी देखी जा सकती है श्री नेताम ने बताया कि सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन ऐप एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है उन्होंने बताया कि यह एक बहुउपयोगी ऐप है इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते है। श्री नेताम ने बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभा वार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती हैं इस ऐप के माध्यम से निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के संचालन संबंधी वीडियां भी देखे जा सकते है। आप के प्रत्याशी तेजराम ने भरा नामांकन

### राजिम से गरियाबन्द तक निकाली मोटरसाइकिल रैली



**राजिम,31अक्टूबर।** सोमवार नामांकन के आखिरी दिन राजिम विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ राजिम से भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाल कर निर्वाचन कार्यालय गरियाबंद में नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल के बाद तेजराम विद्रोही ने कहा कि हम लगातार जनता की हितों के लिए आंदोलन के माध्यम से आवाज उठाते आये हैं। जब भाजपा कार्यकाल में धान खरीदी को घटाकर दस क्विंटल किया गया था बोनस नही दिया था तब भी आंदोलन किये हैं ।

आज जो सरकार किसानों के धान का 2500 रुपये दे रही है या एक नवम्बर से खरीदी कर रही है वह हमारे किसानों के आंदोलन का परिणाम है। जनता की बाते जब नहीं सुनी जाएगी वहां तेजराम विद्रोही उनका आवाज बनकर सदन पर बातें रखेंगे

### नाम निर्देशन के अंतिम दिन 37 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया

**महरामुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए महासमुंद जिले के चारो विधानसभा क्षेत्र के लिए आज अंतिम दिन सोमवार को कुल 37 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

सोमवार को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से 10 अभ्यर्थी, इसी तरह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से 10, बसना विधानसभा क्षेत्र से 10 व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से 07 अभ्यर्थी शामिल है।


उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र से कुल 57 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से 20, खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से 16, बसना विधानसभा क्षेत्र से 12 व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से 09 अभ्यर्थी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी। वहीं 02 नवम्बर को अभ्यर्थी नाम वापसी कर पाएंगे।

## कांग्रेस नेता बलबीर शर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष किया भाजपा प्रवेश



**रायगढ़, 31 अक्टूबर।** रामलीला मैदान में विजय संकल्प विश्वास रैली की सभा में हजारों की भीड़ के मध्य मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के समक्ष कांग्रेस के कद्दावर नेता बलबीर शर्मा ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए अपने सैकड़ों साथियों के साथ विधिवत भाजपा प्रवेश किया। कांग्रेस के थिंक टैंक माने जाने वाले बलबीर शर्मा का भाजपा प्रवेश कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।बलबीर शर्मा ने नेहरू युवा केंद्र में विगत तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दी एवम विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास व युवा बेरोजगारों के स्वरोजगार के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहे। सन् 1984 में भारी वोट से जीतने वाले बलबीर शर्माकॉमर्स कॉलेज में छात्र संघ के लोकप्रिय अध्यक्ष रहे । रायगढ़ के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों को लेकर बलबीर शर्मा में लगातार 89 दिनों तक रायगढ़ की जनता के साथ आंदोलन व अनशन किया था। उनके अथक प्रयास से इनकी मांगे रायगढ़ के विकास के लिए मान्य की गई।शर्मा का नाम रायगढ़ बौद्धिक वर्ग में शुमार है। गंभीर और सुलझे व्यक्तित्व के धनी बलबीर शर्मा का भाजपा प्रवेश निश्चित रूप से भाजपा के बढ़ते जनाधार का प्रमाण है। यह बताना लाजमी होगा कि जोगी खेमे के मजबूत कांग्रेस नेता माने जाते है। बलबीर शर्मा के साथ भाजपा प्रवेश करने वालों में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन संस्थापक अनिरुद्ध गुप्ता, नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के परमजीत सिंह मोनू भाटिया, सरोजिनी स्वर्णकार, हेम सिंह, मीना साहू, पूर्णिमा दास, राजकुमारी सिंह, उर्मिला साहू, रंजना सिंह, लोचन सिंह, दुर्योधन यादव, भुवनेश्वर सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर पहुंचे रायगढ़



**रायगढ़, 30 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले के चारों विधान सभाओं के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर आईएएस श्रीमती रूपांजलि कार्तिक, आईएएस श्री सी.एन.लोंगफाई, आईएएस श्री ससीम कुमार बरई एवं आईपीएस श्री लुनसिह किपगेन आज शाम रायगढ़ मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने निर्वाचन कार्य के गतिविधियों का जायजा लेते हुए निर्वाचन कार्यों को संपादित करने बनाए विभिन्न इकाईयों तथा कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कामकाज के बारे में जानकारी ली। सभी ऑब्जर्वर कलेक्टोरेट में स्थित सी-विजिल कंट्रोल रूम में पहुंचे, यहां उन्होंने सी-विजील के माध्यम से फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम की मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी लेते हुए शिकायतों तथा निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## भूपेश सरकार के विकास के दम पर कांग्रेस जीतेगी:अमितेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,31अक्टूबर।** नामांकन के अंतिम दिन जिले राजिम एवं बिंद्रा नवागढ़ के कांग्रेस प्रत्याशियो अमितेश शुक्ला और जनक राम ध्रुव ने बाजे गाजे के साथ पहले विशाल सभा को संबोधित किया फिर रैली के रूप में अपना नामांकन भरा। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री नंद कुमार साय भी मौजूद रहे। किशोर पर अमितेश शुक्ल ने कहा कांग्रेस ने जो घोषणा तक की है उसे पूरा किया है यही विश्वास आम जनता के बीच उन्हें जीत लाकर लेगी अब धान का समर्थन मूल्य 3000 प्रति क्विंटल 20 क्विंटल की खरीदी होगी साथ ही किसानों का कर्ज माफ होगा और इसी के साथ जल्द ही और कई घोषणा होने की बात उन्होंने कही तो वहीं दूसरी ओर जनक लाल ध्रुव ने कहा कि बीते कई सालों से बिंद्रा नवागढ़ मे भाजपा ने लोगों को ठगा है और कोई विकास कार्य नहीं हुआ है जिसके चलते इस बार बिंद्रा नवागढ़ की जनता बदलाव के मूड में है और पूरी तरह से बदलकर इस बार कांग्रेस का पंजा वहां लहराएगा उन्होंने बीते 10 सालों में बिंद्रा नवागढ़ के लोगों के साथ मिलकर सुख दुख में भाग लिया है

नामांकन के पहले कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों ने गांधी मैदान में आम सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक अमितेश शुक्ला ने कांग्रेस सरकार के विकास गाथा बताते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अमितेश ने कहा की भूपेश सरकार ने सरकार ने 5 सालो गरीब किसानो, भूमिहीन किसानों के लिए काम किया। योजना बनाकर उन्हें लाभान्वित किया। सिंचाई की सुविधा दी। प्रदेश का चुहुमुखी विकास किया। लेकिन हमे भाजपा से सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बरगलाने आयेंगे। जाति धर्म के नाम बरगलाने का काम करेंगे। अडानी अंबानी का पैसा लगेगा। उन्होंने लोगे से कहा की आप भूपेश बघेल पर भरोसा रखे। भाजपा के झांसे में न आए।इस चुनाव में मैं नही राजिम विधानसभा के एक एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा। एक बार फिर राजिम जो मेरा परिवार है मुझे विजय दिलाएंगे।सभा में बिंद्रानवागढ़ प्रत्याशी जनक राम ध्रुव ने कहा कि बिंद्रा नवागढ़ से अब 15 साल का सूखा खत्म करना है। रमन शाहन मे15 साल प्रदेश में भय भ्रष्टचार का आतंक था जिसे कांग्रेस सरकार ने खतम किया। भूपेश सरकार ने पांच साल में किसान मजदूर, महिला, युवा हर वर्ग के लिए काम किया। बेहतर योजना बनकर देश के सर्वोच्च शिखर में ले गए। भाजपा के 15 साल का कांग्रेस के पांच सालो से जवाब देना है। आज छत्तीसगढ़ देश में विकास का माडल बना हुआ है। यही विकास बिंद्रा नवागढ़ में भी करना है। इधर, सभा के बाद कांग्रेस ने गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली। जिसमे कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी अमितेश शुक्ला और जनक राम ध्रुव खुली जीप में सवार होकर निकले। इसमें साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम भी शामिल हुए। सभा का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शबीर मुर्तुजा खान, नरेंद्र देवांगन, राम कुमार वर्मा, सन्नी मेमन, युगल पांडेय, प्रेम सोनवानी, हाफिज खान, समद खान, मक्कू दीक्षित, हरमेश चावड़ा, विकास तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### 3 मतदान केन्द्रों के भवन-स्थल परिवर्तन

**बीजापुर 31 अक्टूबर ।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर (अजजा) अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 72 केतुलनार -1, 197 बेचापाल एवं 201 गंगालूर-01 के भवन का नाम परिवर्तन किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 72 केतुलनार के भवन का पूर्व में प्राथमिक शाला भवन केतुलनार था जो कि परिवर्तन कर कन्या आश्रम केतुलनार कर दिया गया है। इसी तरह 197 बेचापाल अस्थाई मतदान केन्द्र बेचापाल को पंचायत भवन बेचापाल एवं 201 गंगालूर -01 बालक आश्रम भवन तोड़का गंगालूर को हाई स्कूल भवन गंगालूर किया गया है।

### मतदान दिवस 7 नवम्बर के 48 घन्टे पूर्व की अवधि एवं मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर 31 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2023-24 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु प्रथम चरण के नियत तिथि 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार के लिए मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात 05 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 03 बजे से दिनांक 07 अक्टूबर 2023 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 को विधानसभा निर्वाचन 2023 सामान्य निर्वाचन हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल -7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय तथा परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### 7 नवंबर को सामान्य अवकाश घोषित

**बीजापुर 31 अक्टूबर ।** निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर (अजजा) में प्रथम चरण में 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान संपन्न कराया जाएगा। मतदान दिवस को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किये जाने के निर्देश है। वहीं बीजापुर जिले में स्थित समस्त कार्यालयों में भी मतदान दिवस 07 नवम्बर 2023 दिन मंगलवार को मतदान करने के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### सामान्य व व्यय प्रेक्षकों ने स्ट्रॉन्ग रूम का किया अवलोकन

**महासमुंद,31 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बसना, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा एवं महासमुंद और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक



निलेश राउतकर और दोनों विधानसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार तथा जफर मलिक ने संयुक्त रूप से पिटियाझर स्थित मंडी परिसर में निर्मित स्ट्रॉन्ग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के चारो नामांकन कक्ष सहित अन्य निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 व महासमुंद-42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त टीम की जानकारी सहित अन्य आधारभूत जानकारियां दी गई। तत्पश्चात सभी प्रेक्षकों द्वारा मंडी परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया। स्ट्रांग रूम में प्रेक्षकों द्वारा मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, मतगणना स्थल तक पहुंच मार्ग, बिजली व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालय, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं, विधानसभा वार आगमन, निकासी तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये।प्रेक्षकों ने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरण के दौरान सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सामग्रियों का वितरण किया जाए। वाहनों की व्यवस्था के लिए पहले से सेक्टर वाईज प्लानिंग कर लेवें। शौचालय सहित प्रांगण में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे। परिसर में लगाए गए सभी सीसी टीवी कैमरा का परीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां 15 नवम्बर तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लेवें। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू सहित पुलिस एवं सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षक ने व्यय लेखा टीम की बैठक लेकर निष्पक्ष एवं सजगतापूर्वक कार्य करने दिए निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 सरायपाली (अनुसूचित जनजाति) व बसना-40 के व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा व महासमुंद-42 व खल्लारी-41 के व्यय प्रेक्षक नीलेश राउतकर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में व्यय लेखा टीम की बैठक ली।व्यय प्रेक्षक शर्मा व राउतकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होने निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकार्डिंग आदि करने कहा। ताकि, लेखा टीम को गणना करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी का रजिस्टर व शैडो रजिस्टर बेमेल न हो। उन्होंने शैडो रजिस्टर को सही तरीके से अद्यतन करने के निर्देश दिए।

## नामांकन के बहाने भाजपा ने किया शक्ति प्रदर्शन

**रायगढ़, 31 अक्टूबर।** रायगढ़ जिला मुख्यालय में भाजपा ने चारों विधानसभा क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं की जंगी रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं रायगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी सभा में ललकारते हुए रायगढ़ जिले में चुनावी जंग का ऐलान कर दिया। विजय विश्वास रैली को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कथित भ्रष्ट नीतियों को जहां चुन.चुन कर गिनायाए वही भूपेश बघेल पर सीधा वार करते हुए कह दिया कि रायगढ़ आकर कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने के बदले मुझ पर कहर बरपाने का आरोप बढ़कर जनता का ध्यान भटकने की कोशिश में हैए लेकिन छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ जिले की जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है। झूठे वादे करने वाली कांग्रेस सरकार की विदाई तय है। करीब 10 हजार की भीड़ वाली सभा में ओपी चौधरी ने यह अभी ऐलान किया कि कांग्रेस के लुभावने घोषणा के झांसे में आने की जरूरत नहीं है कांग्रेस से अच्छा घोषणा भाजपा का होगा।



रायगढ़ के रामलीला मैदान में भाजपा ने विजय विश्वास रैली की आड़ में चुनावी जंग का शंखनाद कर दिया है। सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अगुवाई में रायगढ़ जिला के सभी चारों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों ने संयुक्त रूप से नामांकन फार्म जमा किया। इससे पूर्व रामलीला मैदान में चुनावी सभा को भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं रायगढ़ विधानसभा सीट के प्रत्याशी ओपी चौधरी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संबोधित किया। चारों विधानसभा क्षेत्र से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने इस चुनावी सभा में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जहां आरोपी की झड़ी लगा दी। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के इन 5 वर्षों में घोटाला ही घोटाले हुए। उन्होंने सरकार की विफलताओं को गिरते हुए कहा कि 5 सालों में छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ जिले का विकास रुक गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के 15 वर्ष उपलब्धियां से भरे हैं। रायगढ़ जिले में केलो सिंचाई बांधए मेडिकल कॉलेज के अलावा आरओबी सहित कई इंफ्रास्ट्रक्चर भाजपा सरकार की देन है। ओपी चौधरी ने कहा कांग्रेस के इस सरकार की विदाई तय है। मुख्यमंत्री रायगढ़ आने पर अपनी उपलब्धियां नहीं बतातेए बल्कि मुझ पर कहर बरपाने का आरोप लगाते हैं। मुख्यमंत्री के जवाब देना पड़ेगा की केलो बांध से किसानों के खेतों तक पानी क्यों नहीं पहुंच पाईए कांग्रेस सरकार सरिया क्षेत्र के 12 पंचायत के लोग सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में नई जाना चाहते थे। उन्हें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में भेज दिया। भाजपा की सरकार आई तो सरिया क्षेत्र के उन पंचायत को रायगढ़ जिले में वापस लाने का काम करेंगे।16 लाख गरीबों को पीएम आवास से वंचित करने वाली कांग्रेस सरकार से जनता जवाब मांग रही है, लेकिन मुख्यमंत्री इन सबसे बचते हुए उल्टा मुझ पर आरोप मढने में जुटे रहे।उन्होंने कहा रायगढ़ में नए विजन के साथ काम करेंगे। ओपी चौधरी ने कहा कि रिंग रोड का निर्माण हो या बस्तर के नालंदा परिसर की तरह इंफ्रास्ट्रक्चर की बात होए करेंगे। फिर विधायक निधि से निर्माण एवं विकास कार्य क्षेत्र के मंडल स्तर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुरूप किया जाएगा। चुनावी सभा को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम आवास के लिए पहले केंद्र सरकार 75 हजार देती थीए मोदी जी ने डेढ़ लाख बढ़ायाए किंतु छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने 16 लाख पीएम आवास का निर्माण रोक कर दिया। उन्होंने कहा मोदी जी ने रायगढ़ जिले को करोड़ों रुपए डीएमएफफंड का दियाए लेकिन यहां बड़े पैमाने पर बंदरबाट कराया गया। भाजपा की चुनावी सभा के बाद रामलीला मैदान से नामांकन जमा करने कलेक्ट्रेट जाने के लिए जंगी रैली निकाली। जिसमें जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के अलावा भाजपा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### लेन-देन पर ओपी ने ली चुटकी, नहीं चलेगा भ्रष्टाचार

चुनावी सभा में ओपी चौधरी ने सरकारी कर्मचारियों में लेन.देन पर चुटकी लीए उन्होंने कहा कि जमीन सीमांकन बटवारा जैसे काम के लिए कांग्रेस और कांग्रेस की इस सरकार के इन 5 वर्षों में बड़े पैमाने पर वसूली की गई। उन्होंने बताया कि एक एसडीम से जब इस बारे में पूछा तो उसने स्वीकार किया और कहा कि कांग्रेस नेताओं को हर महीने मोबाइल की तरह रिचार्ज करना पड़ता है। कभी.कभी तो टॉप अप भी करना पड़ता है।ओपी चौधरी की इस बात को लेकर मौजूद जनसभा में समर्थन के लिए खूब तालियां बजी। ओपी ने कहा कांग्रेस शासन काल में अधिकारी कर्मचारी भी परेशान है। वे भी इस सरकार की विदाई चाह रहे हैं। साथ ही उन्होंने चुनावी सभा में ऐलान किया।

# कसडोल 23, बलौदाबाजार 15, भाटापारा से 26 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन

## विधानसभा निर्वाचन 2023: जिले के सभी तीनों विस क्षेत्रों के लिए कुल 64 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 31 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 64 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे ने बताया कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए कुल 23, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के लिए कुल 15, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए कुल 26 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए है। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आज 30 अक्टूबर 2023 दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई थी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 को की जा रही है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवम्बर 2023 तक है। तथा 2 नवम्बर 2023 को प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। मतदान 17 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संदीप साहू, भारतीय जनता पार्टी धनीराम धीवर, बहुजन समाज पार्टी डॉ. देवदत्त बरतामसी, आम आदमी पार्टी से लेखराम साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे मनहरण दास गुरूगोसाईं, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी डॉ देवेश वर्मा, समाजवादी पार्टी पुरूषोत्तम सोनी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी धनेश कुमार कोसले, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी छबीलाल पैकरा, हमर राज पार्टी सुश्री परमेश्वरी पैकरा, गण सुरक्षा पार्टी गोप कुमार पटेल, आजाद जनता पार्टी जगजीवन राम सतनामी, निर्दलीय मनोज कुमार आडिल, शिवशंकर अग्रवाल, रामनारायण निषाद, प्रीतलाल कुर्रे, लीलाधर निषाद, गोरेलाल साहू, कृष्ण कुमार यदु, संदीप साहू, धनीराम केंवट, शैलेन्द्र एवं अमरीका साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी शैलेष नितिन त्रिवेदी, भारतीय जनता पार्टी टंकराम वर्मा, भारतीय जनता पाटी कुशल राम वर्मा, बहुजन समाज पार्टी राजकुमार पात्रे, आम आदमी पार्टी संतोष यदु, शिवसेना इंद्रजीत साहू, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे योगेश साहू, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दशरथ जायसवाल, गण सुरक्षा पार्टी दुर्गेश्वरी देवी धृतलहरे, निर्दलीय गंगाराम सेन, गौकरण निषाद, नीलम संजय भारद्वाज, राजा दुलरवा, डेमन लाल वर्मा, नरोत्तम दास बंजारे ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी इंद्रकुमार साव, भारतीय जनता पार्टी शिवरतन शर्मा, खेमदास टंण्डन बहुजन समाज पार्टी, जितेन्द्र बंजारे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे, मनोहर साहू समाजवादी पार्टी, शिवसेना सुरेन्द्र कुमार यदु, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी चंद्रकांत यदु, भारतीय जन शक्ति चेतना पार्टी दयाशंकर निषाद, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया गोपाल प्रसाद साहू, भारतीय बहुजन कांग्रेस शत्रुहन प्रसाद साहू, असंख्य समाज पार्टी गोपाल नट, निर्दलीय कृष्ण कुमार बंजारे, व्यास नारायण वर्मा, रेशम लाल जोगी, खेमराज साहू, संतोष ध्रुव, सेवकराम साहू, राधेलाल मिर्झा, देवप्रसाद कोसले, राजेन्द्र कुमार जांगड़े, प्रकाश दिवाकर, सुनिता देहरी, पंचराम, प्रवीण कुमार साहू, नरेश कुमार कोसले, राकेश कुमार ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## एक नजर

### बालोद जिले के तीन विस क्षेत्रों में 28 अभ्यर्थी मैदान में

**बालोद, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र जमा प्रस्तुत करने के अंतिम दिन आज जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 28 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसके अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के लिए 10, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के लिए 05 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के लिए 13 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसरों के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के लिए 02, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के लिए 01 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के लिए 05 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। इसी तरह से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के लिए अब तक कुल 20, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में अब तक कुल 13 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में अब तक 19 कुल अभ्यर्थियों द्वारा अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।

### केशवेन्द्र निवर्हन करेंगे जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रेक्षक का दायित्व

**बालोद, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 2008 बैच के आईएएस अधिकारी केशवेन्द्र कुमार को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए बालोद जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक केशवेन्द्र कुमार का निर्वाचन संबंधी शिकायत एवं समन्वय हेतु आमजनों से मुलाकात का समय विश्राम गृह बालोद में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के पश्चात् प्रेक्षक कुमार से उनके मोबाइल नम्बर 7587016572 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

### मतदान केंद्रों के प्रकाशन की सूचना तहसील कार्यालयों स्थानीय निकायों एवं पंचायत भवन में होगी चस्पा

**बालोद, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले के मतदान केंद्रों के प्रकाशन की सूचना संबंधित तहसील कार्यालय, स्थानीय निकायों के नोटिस बोर्ड एवं पंचायत भवन आदि में निरीक्षण हेतु चस्पा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय बालोद द्वारा आवश्यक कारणों से भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया गया था। इसके अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के नाम परिवर्तन प्रस्तावों पर सहमति एवं स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 1.50 लाख की नगद रकम बरामद

**डोंगरगढ़, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चुनाव दल की संयुक्त टीम के द्वारा 28 अक्टूबर को ग्राम ढारा में वाहनों का चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान डिजायर कार क्रमांक सीजी 07 बी. एन. – 9300 को रोककर चेक किये जाने पर कार में छोटा बैग मे रकम 1,51,374 रूपये रखकर वाहन स्वामी जोगेन्दर वलीरामवानी पिता स्व. मदन लाल वलीरामानी उम्र 40 साल निवासी श्यामनगर तेतीबांधा रायपुर के द्वारा ले जाते पाया गया जिससे पुंछताछ करने पर रकम के संबंध में किसी प्रकार का संतोष जनक जवाब नही दिया और न ही रकम से संबंधित दस्तावेज प्रस्तु किया। बरामद रकम विधानसभा निर्वाचन 2023 में रिश्वत के तौर पर वितरण करने के संदेह में जप्त किया गया व धारा 102 जाफौ0 की कार्यवाही में लिया गया। इस कार्यवाही में एस.सस. टी. दल कमांक तीन लेखराम चंद्रवंशी जनपद विस्तार अधिकारी, चौकी प्रभारी मोहारा प्रमोद श्रीवास्तव व सउनि हरिश टेम्भुकर, आरक्षक दुर्गेश साहु, आर0 देवव्रत यादव, आर0रविन्द्र यादव, आर0सुधीर यादव, आर0 प्रवीण कुमार, व तिलक टेम्भुकर फोटो ग्राफर की भूमिका प्रधान रही।

# अधिकारी-कर्मचारी आचार संहिता में व्यस्त कार्यों की गुणवत्ता पर लगा प्रश्न चिन्ह?

## पूरक सड़क भी नहीं बनाई, फंस रहीं हैं गाड़ियां

## कार्यआदेश से एक साल देर से चल रहा है कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा मड़ेली-जरगांव मार्ग पर घुनघुट्टी नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसकी गुणवत्ता पर लगातार प्रश्न चिन्ह लग रहा है कार्य देखने नहीं विभाग के इंजीनियर आते हैं और नहीं ठेकेदार के इंजीनियर कार्यों की देख-रेख करते हैं पूरा कार्य स्थानीय राज मिस्त्री के माध्यम से किया जा रहा है।

प्रदेश में आचार संहिता होने की वजह से सभी अधिकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में है इसका पूरा लाभ ठेकेदार उठा रहे है, समय पर कार्य नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उक्त मार्ग से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जतमई, घटारानी जाने का छोटा रास्ता होने की वजह से लोगों की गाड़ियां फस रही है, पुल निर्माण के साथ-साथ यहां पर किनारे से अस्थाई सड़क की आवश्यकता थी जिसे नहीं बनाया गया है जिस पर मोटरसाइकिल तो मुश्किल से निकलती है जिसमें कार व बड़ी गाड़ियां लगातार फस रही है जिससे लोगों को परेशानी होती है जो बाहर से यहां दार्शनिक स्थलों का दर्शन करने आते हैं और शॉर्टकट के चक्कर में इस मार्ग पर घुस जाते हैं और पूरक सड़क नहीं होने की वजह से अक्सर छोटी गाड़ियां फंस जाती है जिससे यात्री काफी परेशान होते हैं इस संबंध विभाग के ठेकेदार व इंजीनियर से चर्चा कर जानकारी के लिए हमारे संवाददाता द्वारा फोन किया गया इंजीनियर व ठेकेदार द्वारा फेन रिसीव नहीं किया गया, उक्त पुल का निर्माण ठेके की राशि 2, 88, 64, 800 (दो करोड़ अठ्ठायासी लाख चौसठ हजार आठ सौ रुपये) एक मुश्त है।

कार्य आदेश 25 जनवरी 2022 को किया जाना है एवं पूर्णता दिनांक 24 दिसंबर 2022, 10 महीना में किया जाना था, किंतु दिसंबर 2023 होने वाला है पूर्णता से लगभग 1साल देरी से चल रहा है अब इसमें यह देखना है कि ठेकेदार को शासन द्वारा पुल निर्माण में देरी के लिए जुर्माना की व्यवस्था या देरी के नाम पर पुल निर्माण हेतु अन्य राशि का प्रावधान कर ठेकेदार को उपकृत किया जाएगा, पुल की लंबाई 90 मीटर है कुल पिलर 9 नग, पहुंच मार्ग मड़ेली की ओर135 मी.और जरगांव की ओर105 मी.कुल लंबाई 240 मीटर है पुल का निर्माण कार्य की मांग लगातार क्षेत्र के लोगों के द्वारा किए जाने पर कार्य स्वीकृत हुआ है अतः गुणवत्ता में ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है।

## समाचार संक्षेप

### भाटापारा में भगवाध्वज और घोषपथक के साथ किया गया पथ संचलन




**भाटापारा, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन हुई, हिन्दू समाज में पौरुष तथा पराक्रम का जागरण विजयादशमी के पावन पर्व पर होता है, इस दिन शक्ति की आराधना कर शस्त्र पूजन करते है, इस शुभ अवसर पर बाल मंदिर भाटापारा के प्रांगण से सदर बाजार के समीप भाटापारा खण्ड/नगर द्वारा संयुक्त शौर्य साधना के प्रतीक भगवा ध्वज व घोष पथक के साथ नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन में नगर के लोगो ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा नियुद्ध, दण्ड संचालन, पदविन्यास और समता का प्रदर्शन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त शिक्षक बाबूलाल साव जी तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बलौदा बाजार जिला के जिला कार्यवाह शालीन साहू का उद्बोधन हुआ। विजयादशमी के उत्सव में सह जिला संघचालक, खण्ड संघचालक, नगर संघचालक व भाटापारा नगर के गणमान्य नागरिक और स्वयंसेवक बन्धु उपस्थित रहें।

### पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

**बलौदाबाजार, 31 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी (सलाह) जारी किया गया है। जांच के दौरान स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 एवं छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी एस. डी. विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बास, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने नहीं बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैम्प, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबन्धित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन नहीं गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 केजी क्षमता का डीपीएस अग्नि शामक यन्त्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक व कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाना चाहिए। अग्निशमन वाहन को उपलब्धता के अनुसार शाम 7 बजे से 10 बजे (रस ऑवर) के समय स्टैंड बाई ड्यूटी हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

# धरसींवा विधान सभा में बीजेपी को ज्यादा नुकसान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ फिल्म के हीरो बीजेपी के प्रत्याशी अनुज शर्मा के लिए काग्रेस की प्रत्याशी छाया वर्मा अभी से भारी चल रही है काग्रेस के कार्यकर्ता जोश के साथ चुनाव प्रचार में जुटे है और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रत्याशी अमित बघेल बीजेपी के लिए मुश्किल खड़ा कर चुके है कारण गावो में अमित बघेल का युवा वर्ग खुला समर्थन दे रहे है और इस से काग्रेस को कम बीजेपी को नुकसान हो रहा है। बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में अब तक दर्जनों स्थानीय बीजेपी लीडर और क्षेत्र में अच्छी पकड़ वाले नेता महेश नायक अंजय शुक्ला पूर्व विधायक देवजी पटेल अरविंद ठाकुर जेसे नेता अभी घर बैठे है गावो में अनुज शर्मा के पक्ष में माहौल कम है हीरो को देखने वालो की भिड़ अधिक होती है। ऐसे में काग्रेस की प्रत्याशी पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा के पक्ष में जबरदस्त महाहोल देखा जा रहा है। विधान सभा के गांव रायखेडा सारागाव खरोरा मांट अड़सेना धरसीवा कुरा मुरा सहित ऐसे अनेक गांव है जहां काग्रेस मजबूत बताई जा रही है बंगोली जेसे गावो में काग्रेस के पक्ष में माहौल है। बीजेपी के नाराज चल रहे नेता अब तक कार्य नही कर रहे है इनमे सिलयारी रेता आदि गावो में काग्रेस की हवा चल रही है।

# छाया वर्मा को मिल रहा है गांव-गांव में समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 31 अक्टूबर।** खरोरा विधानसभा धरसीवा में कांग्रेस विधायक प्रत्याशी छाया वर्मा का जनसंपर्क को मिल रहा है भारी समर्थन अनेक गावो में छाया वर्मा का जादू मीठा भाषण से महिला मतदाता उनकी कायल होती जा रही है। राज्य सभा सदस्य के रूप में धरसीवां विधान सभा और बलोदा बाजार विधान सभा के सभी गावो में पूर्व में निरंतर दौरा कर लोगो के सुख दुख में सक्रिय रहने वाली छाया वर्मा जिस गांव में जा रही है अद्यधिक महिलाओ की भिड़ दिख रही है और गावो में जोरदार समर्थन हासिल कर काग्रेस की प्रदेश सरकार की योजनाओं का गुण गान कर रही है। मतदाताओं के बीच घर घर जा कर मिलना और निरंतर दौरा कर अपनी स्थिति मजबूत कर रही है काग्रेस के कार्यकर्ताओं की भिड़ घर घर जन सम्पर्क कर रही है।

## महाराष्ट्र निर्मित शराब का अवैध परिवहन करते 2 तस्कर गिरफ्तार

**डोंगरगढ़, 31 अक्टूबर।** डोंगरगढ पुलिस महाराष्ट्र निर्मित शराब की अवैध तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नाकांबंदी दौरान सुबह एक मोटर सायकल बजाज पल्सर में सवार दो व्यक्ति बीच सीट में कुछ सामान रखकर आते हुआ दिखा जिसे ईशाराकर रोकने पर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे घेराबंदी कर रोककर मोटर सायकल पल्सर 150 क्रमांक- एमएच 35 एएल 8414 में सवार दो व्यक्ति से नाम पता पुछने पर चालक सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम मनीष बारपांडे पिता प्रभुनाथ बारपांडे उम्र- 25 साल साकिन पूराडा, जामुनटोला तह0 देवरी थाना सालेकसा जिला गोंदिया (महा0) एवं पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम अभिषेक चव्हाण पिता हरिनाथ चव्हान उम्र- 19 साल साकिन पूराडा, जामुनटोला तह0 देवरी थाना सालेकसा जिला गोंदिया (महा0) का रहने वाला बताया दोनों व्यक्ति द्वारा रखे 2 नग थैला एवं 1 नग बोरी को चेक किया चेक करने पर 5 कार्टुन में देशी दारू संत्री नं. 1 महाराष्ट्र निर्मित उत्पादक विदर्भ लिकर कॉर्पोरेशन नागपुर निर्मित जिसके प्रत्येक कार्टुन में 48-48 नग पौवा शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने से उक्त शराब एवं बजाज पल्सर 150 बाइक जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309002100004**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणी- राजस्व
सन् 2022-2023

बेलगांव प.ह.न. 00016[ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार सरिता वर्मा,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व संधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता वर्मा पति गुड्डू वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम ढारा पो.ढारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदिका एवं अन्य हिस्सेदार के नाम पर ग्राम अछोली प.ह.न. 22 रा.नि.म. बेलगाँव में भूमि खसरा नं 495/30 रकबा 0.011 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदिका के पुत्री का नाम कुमारी रेषमा एवं पुत्र देवा ना. बा. दर्ज हो गया है, जबकि पुत्री का सही नाम शालिनी वर्मा एवं पुत्र का सही नाम चंद्रकुमार वर्मा है, इसी अनुसार उनका नाम शाला अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में नाम सुधार कर कु. रेषमा उर्फ शालिनी वर्मा एवं देवा ना. बा. उर्फ चंद्र कुमार वर्मा ना. बा. दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 17.11.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## जिला भारोत्तोलन संघ, पतंजलि युवा भारत एवं समाज सेवी के तत्वावधान में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

# विविधतापूर्ण देश में लोगों के बीच एकता महत्वपूर्ण : शीतल ध्रुव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 31 अक्टूबर।** नगर में जिला भारोत्तोलन संघ, पतंजलि युवा भारत एवं समाज सेवी के तत्वाधान में रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। देश में हर साल 31अक्टूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। 550 से अधिक राज्यों को देश में विलय करने की उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि का सम्मान करने के लिए इस दिन को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' या 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। दौड़ को भारोत्तोलन संघ के जिलाध्यक्ष यशवंत यादव ने विसिल बजाकर रवाना किया। सर्वप्रथम दौड़ बस स्टैंड से बजरंग चौक, स्वर्ण जयंती चौक, शीतला मंदिर रोड होते हुए बस स्टैंड में समाप्त हुई। दौड़ में भारत माता की जय, सरदार पटेल की जय आदि के नारे लगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारोत्तोलन संघ जिलाध्यक्ष यशवंत यादव ने इस अवसर पर कहा कि भारत सरकार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करने के लिए 2014 में आधिकारिक तौर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' घोषित किया। अखंड और सशक्त भारत के कट्टर समर्थक सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों के सम्मान में, उनके जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार द्वारा इस दिन को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में घोषित किया गया है। समाज सेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोगों के बीच एकता बहुत महत्वपूर्ण है।ऐसे समय में जब कई राज्य विखंडित थे, सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखंड भारत की अवधारणा का समर्थन किया। इसलिए यह दिन देश को एकजुट करने के लिए वल्लभभाई पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है।यह दिन÷अनेकता में एकता÷ की भावना को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा भारत जिला प्रभारी योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी के पहले का भारत 565 अलग अलग रियासतों में बंटा हुआ था इसको एक सूत्र में पिरोने का अनोखा और साहसी कार्य सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया, इसी प्रकार हमे अपने देश की एकता को बनाए रखना है। छात्रावास अधीक्षक गिरधारी कुंभकार, कुलेश्वर मरकाम, वेद प्रकाश साहू एवं जनपद पंचायत करारोपण अधिकारी कयाराम यादव ने अपने अपने वक्तव्य में कहा कि हमे सरदार वल्लभ भाई पटेल के इस योगदान को हमेशा याद रखना है। आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक हीरालाल साहू ने कहा कि खंडित भारत को अखंडित करने का काम पटेल जी ने किया है इसे हमे हर हाल में पिरोकर रखना है। कार्यक्रम में हेमंत साहू, पानसिंग, परमेश्वर, कमलेश ठाकुर, देवानंद, अनिल, गंगाधर, लिलेश्वर, जागेश ठाकुर, कैलाश, राजेंद्र एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## एक नजर

### चाय दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** प्रोफेसर कालोनी स्थित अमृत तुल्य चाय दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश यादव 32 वर्ष प्रोफेसर कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एटी 0782 को प्रोफेसर कालोनी स्थित अमृत तुल्य चाय दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक को लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** नेवरा पुलिस ने गुरूघासीदास चौक के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9020 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड 17 गुरूघासीदास चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी पियूष वैष्णव 23 वर्ष, उपकार देवार 42 वर्ष सहित अन्य 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 9020 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने डीकेएस पार्किंग के पास सरेआम शराब पीते आरोपी वरूण हचरा 52 वर्ष, नीलन मन्ना 31 वर्ष, प्रसन्न दीप 34 वर्ष व गणेश बरोई 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी महेंद्र साहू 33 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी सुखनंदन टण्डन 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ट्रक में भरी थी 9000 नग साड़ी, पुलिस ने किया जब्त

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** एसपी के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के दौरान उरला थाना क्षेत्र के उच्चभित्ति बेरियर में एक ट्रक से 9000 नग साड़ी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसपी जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा आदर्श आचार संहिता तथा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, सीएसपी कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक युवराज तिवारी प्रभारी थाना उरगा के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान उच्चभित्ति बैरियर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएम 1 895 को रोककर चेक करने पर 9000नग साड़ी भरा होना पाया गया। जिस संबंध में चालक से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर चुनाव में बांटने लाए जाने के संदेह पर उक्त साडियों को वाहन धारा 102 दण्ड प्रक्रिया सहिता के तहत जप्त किया गया।

### घर से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** सदर रोड गोबरानवापारा में घर के अंदर से नकदी 1 लाख सहित सोने-चांदी के जेवर अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आकाश जैन 38 वर्ष सदर रोड गोबरानवापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी 28-29 अक्टूबर के दरम्यानी रात अपने परिवार के साथ सो रहा था, तभी अज्ञात चोर ने घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फेविकोल रेलम के जादू के साथ अपने फर्नीचर में जान फूंकें

**रायपुर 31 अक्टूबर।** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए? ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है।हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताज़ा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीज़न में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है।

फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन प्रोसेस को आसान बना सकते हैं। फेविकोल रेलम एडहैसिव कुछ घंटों में इंस्टेंट पकड़ और प्रोसेसिंग स्ट्रेंथ देता है। इसमें कोई गंध नहीं है. इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है।

# करोड़ों के टेंडर को आयोग की हरी झंडी मिलने का इंतजार

- मार्कफेड में बायोमेट्रिक डिवाइस की खरीदी पर भी लगी रोक
- शक्कर कारखाना में उत्पादन प्रभावित

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अब विभिन्न विभागों में खरीदी, भवन निर्माण तथा अन्य कार्यों के करोड़ों के टेंडर हरी झंडी के इंतजार में लंबित हैं। इनमें से प्रमुख रूप से मार्कफेड, व्यापमं तथा शक्कर कारखाना का काम सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के ज्वाइंट सीईओ यूएस अग्रवाल के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में सहकारिता विभाग के अधीन आने वाले शक्कर कारखाना के उत्पादन तथा अन्य महंगे उपकरणों की खरीदी के संबंध में आई फाइलों का निराकरण नहीं हो पाया है। सरकार को इस संबंध में निर्देश दिया गया है कि वह विभागीय समिति के समक्ष इसे पेश करें। समिति इसे आयोग के पास भेजेगी तब भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इसे स्वीकृति प्रदान किया जाएगा। इसी तरह मार्कफेड में धान की खरीदी एक नवम्बर से शुरू हो रही है। सरकार ने विभिन्न उपकरणों की खरीदी की अनुमति मांगी है। बायोमेट्रिक सिस्टम के लिए डिवाइस की खरीदी की जानी है। इस संबंध में फाइल लंबित है। खाद्य विभाग और मार्कफेड ने अब पिछले वर्ष के अनुसार ही धान खरीदी का निर्णय लिया है। राज्य में धान खरीदी तिहार सबसे बड़ा तिहार है। करीब 23 लाख से अधिक किसान पंजीकृत हैं। बायोमेट्रिक सिस्टम के लिए लंबी प्रक्रिया सहकारी समितियों के माध्यम से अपनाई गई जिससे किसानों को परेशानी हुई है। ज्वाइंट सीईओ यूएस अग्रवाल के अनुसार अनुमोदन मिलने के बाद ही इसके बारे में कुछ कहा जा सकेगा। इस समय सिंचाई, लोक निर्माण तथा अन्य विभागों में भवन निर्माण, बिजली ठेका तथा अन्य खरीदी बिक्री की फाइलें भी अनुमोदन हेतु आई है लेकिन अनुमोदन मिलने के बाद ही यह काम हो पाएगा। एक अनुमान के अनुसार करोड़ों के टेंडर की फाइल आयोग से अनुमति के लिए लंबित हैं।

### व्यापमं की परीक्षाएं भी प्रभावित

व्यापमं द्वारा विभिन्न स्तर की परीक्षाएं ली जा रही हैं लेकिन इन्हें भी आयोग से अनुमोदन लेना होगा। इस समय अनुमोदन में काफी विलंब हो रहा है इसलिए विभिन्न परीक्षाएं प्रभावित हो रहीं हैं। राज्य में इस समय अपेक्स बैंक में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा ली गई है। अन्य प्रतिभागी परीक्षाओं के लिए अनुमोदन लिया जाना है। राजधानी सहित अन्य जिलों की निर्माण संबंधी फाइलों का अंबार लगा हुआ है। इसे स्वीकृति देने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने भारत निर्वाचन आयोग से सुझाव मांगा है।



रायपुर 31 अक्टूबर। राजधानी में करवा चौथ पर्व की पूजा सामग्रियों का बाजार सज गया है।

### अधिक पैसा कमाने का लालच देकर 5 करोड़ की ठगी

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** एआईटीएमसी वेंचर प्राइवेट लिमिटेड खोलकर चार गुना पैसा कमाने का लालच देकर अधेड़ से 5 करोड़ की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपीके खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बसंत दौलतानी 51 वर्ष रविग्राम अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी दीप सिहाग कौशल विकास योजना से संबंधित कार्यो का क्रियान्वयन करती है। आरोपी ने प्रार्थी से कहा कि वह एआईटीएमसी वेंचर प्रावेट लिमिटेड खोलन चाहता है, जिसमें पैसा निवेश करने पर चार गुना कमाई होगी। जिससे प्रार्थी ने उसके झांसे में आकर 5 करोड़ रुपए दे दिया। जब आरोपी ने ना तो कोई सेंटर खोला तो प्रार्थी ने अपना पैसा वापस मांगा। जिससे पैसा वापस नहीं करने पर प्रार्थी ने इसकी शिकायत विधानसभा थाना में की।

# अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की जांच शुरू

- बागी प्रत्याशियों ने बदला राजनीतिक समीकरण
- बागियों को बैठाने किया जा रहा उच्चास्तरीय प्रयास

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के लिए 70 विधानसभा क्षेत्रों में भरे गए नामांकन पत्रों की जांच का काम आज शुरू हो गया है। पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में यह कार्य किया जा रहा है। 2 नवम्बर को अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात पश्चात चुनाव प्रचार में तेजी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार दूसरे चरण की 70 विस सीटों में 1219 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें दुर्ग जिले के पाटन से भूपेश बघेल, ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, शहर से अरुण वोरा, साजा से रवीन्द्र चौबे, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, अमरजीत भगत एवं रायगढ़ से उमेश पटेल, कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, सक्ती से डॉ. चरणदास महंत, आरंग से शिवकुमार डहरिया, भाजपा में रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर से नारायण चंदेल, लोरमी से अरुण साव प्रमुख अभ्यर्थी हैं। आज उनके प्रतिनिधि भी चुनाव कार्यालय में बैठे थे। निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नामांकन पत्रों में आय व संपत्ति का विवरण तथा अन्य प्रमुख कॉलम जैसे जाति एवं इससे संबद्ध प्रमाण पत्र की बारीकी से जांच की गई। बी-1 फार्म भी जमा कराए गए हैं। आयोग के अनुसार 2 नवम्बर को अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि होगी।

### डैमेज कंट्रोल के लिए उच्चस्तरीय प्रयास

भाजपा और कांग्रेस में इस समय बागियों ने समीकरण बदल दिया है। रायपुर उत्तर में सावित्री जगत और अजीत कुकरेजा के चुनाव लड़ने से अब नए समीकरण बन गए हैं। पार्टी के शीर्ष नेता असंतुष्टों को मनाने में लगे हुए हैं। इसके अलावा सरायपाली, कांकेर में भी त्रिकोणीय संघर्ष है। छत्तीसगढ़ की 30 से अधिक सीटों में प्रत्याशियों की बैठाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस, हमर राज पार्टी, व क्रांति सेना चुनाव मैदान में है।

# आयोग के सी-विजिल एप में शिकायतों का हो रहा निराकरण

- आयोग ने शराब, ड्रग एवं महंगी धातु तथा नगदी की जब्ती का भी दिया विवरण

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं से सीधे शिकायत प्राप्त करने के लिए बनाए गए सी-विजिल एप से प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। इस समय राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार से संबंधित जिलों से शिकायतें प्राप्त हो रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग ने अपना अलग-अलग एप बनाया है जिसमें मतदाता सीधे शिकायत कर सकते हैं। आयोग द्वारा बनाए गए इस एप में अब तक कुल 1787 शिकायतें प्राप्त हुईं हैं जिसमें से 1129 का निराकरण कर दिया गया है। राजनीतिक दलों द्वारा जिले से 4678 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 3606 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। 573 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। प्रथम चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। अब तक 2141 मतदाताओं का डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान पूर्ण कराया जा चुका है। मतदाता सूची के अनुसार 80 आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए एक प्रारूप में आवेदन मंगाए गए हैं। इनकी संख्या 6447 हैं। इनका मतदान विशेष गठित मतदान दल द्वारा घर-घर जाकर कराया जाएगा। आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका नंबर 0771-2221965 है। कोई भी प्रत्याशी इस पर फोन करके जानकारी ले सकता है। आयोग ने कैंडिडेट को जानने के लिए भी एक एप बनाया है। मतदाता अपने प्रत्याशियों के बारे में इसकी जानकारी ले सकते हैं। अभ्यर्थियों के अपराधिक प्रवृत्तियों की भी जानकारी इसमें उपलब्ध रहेगी। आयोग ने आचार संहिता के दौरान 10 करोड़ कैश, 30840 लीटर शराब तथा 1861 किलोग्राम ड्रग बरामद की है। आयोग द्वारा आचार संहिता का पालन करने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दंपति की मौत

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** सिलतरा बायपास रोड में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया। जिससे पति की मौत हो गई, वहीं पत्नी घायल है। मामले में धरसींवा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मठपारा उरकुरा निवासी लीला यादव 50 वर्ष अपने पति ईश्वरी प्रसाद यादव के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एचके 3686 से कहीं जा रही थी। तभी सिलतरा बायपास रोड में ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमई 7100 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। इस हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक की पतासाजी कर रही है।

## राज्य में अब तक 38.34 लाख की नगदी व सामग्री जब्त

**रायपुर, 31 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य के अंदर सक्रिय उडनदस्ता और निगरानी दलों के द्वारा अब तक राज्य की सीमा से लगे चेक पोस्ट और जिलों की सीमाओं पर जांच के दौरान पुलिस और प्रवर्तन एजेंसियों ने 38 करोड़ 34 लाख रुपये से अधिक की अवैध रकम और सामानों की जब्ती बनाई है।

जब्ती में दस करोड़ 11 लाख रुपये कैश भी शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इनफोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 29 अक्टूबर तक की स्थिति में 30 हजार 840 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 90 लाख 87 हजार 532 रुपये आंकी गई। सघन जांच अभियान के दौरान 14 करोड़ 82 लाख 76 हजार रुपये कीमत के 184 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण और रत्नों की जब्ती बनाई गई है।



रायपुर 31 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मालवाहकों की तलाशी ली जा रही है।

## कांग्रेस ने माना आहूजा का सुझाव

- गैस सिलेंडर में पांच सौ रुपए की छूट
- दो सौ यूनिट तक बिजली फ्री

**रायपुर 31 अक्टूबर।** नहरपारा विकास समिति, इंदिरा गांधी वार्ड के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने रसोई गैस सिलेंडर में पांच सौ रुपए की छूट व 200 यूनिट तक बिजली माफ की घोषणा का स्वागत करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार माना है। आहूजा ने कहा है कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी और तमाम घोषणाएं पूरी की जाएगी। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गैस सिलेंडर में 500 रुपए की छूट तथा 400 यूनिट तक बिजली फ्री की मांग राज्य में सबसे पहले रमेश आहूजा ने उठाई थी। आहूजा ने भूपेश बघेल व घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष मो. अकबर से निवेदन किया था कि गैस सिलेंडर में पांच सौ रुपए की छूट व चार सौ यूनिट तक बिजली फ्री को घोषणा पत्र में शामिल किया जाए। राज्य सरकार ने बिजली बिल को पहले ही हाफ कर दिया है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार फ्री बिजली दे रही है। कांग्रेस इस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। वह देश तथा आम जनता की नब्ज को अच्छे से जानती है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जानती है कि यहां की जनता की जरूरतें व समस्याएं क्या-क्या हैं। समस्याओं का निराकरण कर जरूरतें पूरी भी की जा रही है। इसी क्रम में 400 यूनिट तक बिजली फ्री दी जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस ने आहूजा की 500 रुपए में सिलेंडर के सुझाव की पूरी तरह से मान लिया है तथा चार सौ की बजाय दो सौ यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की है।



# कांग्रेस की घोषणाओं के बाद भाजपा कर रही माथापच्ची

**रायपुर 31 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र जारी करने के पूर्व ही चुनावी घोषणाओं का ब्रह्मास्त्र छोड़ने से भाजपा में खलबली सी मची हुई है। जिन्हें घोषणा पत्र बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी वे तैयार घोषणा पत्र के बिन्दुओं में बदलाव कर कुछ और घोषणाएं जोड़ने की बात कर रहे हैं। ज्ञात हो कि कांग्रेस ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के माध्यम से ऐसी-ऐसी घोषणाएं की है जो आम जनता पर सीधा असर डालती है। पिछले चुनाव में भी धान खरीदी की घोषणा ने कांग्रेस की सरकार बना दी थी। कांग्रेस अब तक एक दर्जन घोषणाएं कर चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व में ही किसानों के कर्ज माफी की घोषणा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तुरुप का इक्का चलते हुए राहुल व प्रियंका के मुंह से कई बड़ी घोषणाएं करवाई है। इन घोषणाओं के माध्यम से वे प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का रास्ता आसान करना चाहते हैं। भूपेश बघेल चाहते हैं कि चाहे कुछ भी करना पड़े उनके नेतृत्व में लड़े जा रहे चुनाव में कांग्रेस की हार नहीं होनी चाहिए। यह चुनाव भूपेश बघेल की अग्नि परीक्षा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा मास्टर स्ट्रोक की तैयारी कर रही है। कांग्रेस की घोषणाओं का पावरफुल काट तलाश रही है।

ऐसा बताया जा रहा है कि अपने घोषणा पत्र में भाजपा हेलीकाप्टर से उम्रदराज लोगों के लिए तीर्थ दर्शन योजना, हर हाथ में हुनर और नौकरी की गारंटी, सबको फ्री इलाज, महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने का वायदा, धान का समर्थन मूल्य 3000 रुपए से ज्यादा करने तथा संविदा व अनियमित कर्मचारियों का नियमितिकरण बिन्दु को शामिल कर सकती है। भाजपा चाहती है कि उनके घोषणा पत्र से आम मतदाता प्रभावित होकर सीधा उससे जुड़े।

### छत्तीसगढ़ के लोगों का सपना पूरा करने वाला होगा भाजपा का घोषणा पत्र : अमित चिमनानी

**रायपुर 31 अक्टूबर।** भाजपा संचार प्रमुख अमित चिमनानी ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि लोगों के सुझाव के हिसाब से घोषणा पत्र आएगा. कांग्रेस का घोषणा पत्र सत्ता में आने के लिए है. वहीं छत्तीसगढ़ बीजेपी का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के लोगों का सपना का पूरा करने वाला होगा. भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा कि घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के लोगों की मन की बात होगी. यहां के लोग जो चाहते हैं, जिन लोगों की आकांक्षाए हैं, लाखों सुझाव पार्टी के पास आए हैं, उन सुझावों को लेकर ही हमारा घोषणा पत्र आएगा. भाजपा का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ के लोगों के विकास को लेकर होगा. कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के बयान पर अमित चिमनानी ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस जो बयानबाजी कर रही है, क्या वह सकारात्मक राजनीति का परिचय है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23